राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 34
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शनिवार 03 जनवरी 2026
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 आज होगी नोएडा प्राधिकरण की 221 वीं बोर्ड बैठक
पेज 4 बरखेड़ा नगर पंचायत में 17 स्थानों पर अलाव की व्यवस्था
पेज 6 बांग्लादेशी खिलाड़ी को शामिल नहीं करने को लेकर सरकार से

## संक्षिप्त खबरें

### तेलंगाना में नक्सली कमांडर बरसे देवा ने सरेंडर किया, 2 हफ्ते पहले हिडमा मारा गया था

तेलंगाना डीजीपी बी शिवाधार रेड्डी के सामने बरसे देवा उर्फ साइनाथ ने सरेंडर किया। उसके साथ 15-17 कैडर ने भी हथियार छोड़े। 25 लाख के इनामी देवा को शनिवार मीडिया के सामने लाया जाएगा। ये सभी छत्तीसगढ़ से तेलंगाना बॉर्डर पार कर हैदराबाद पहुंचे थे। हिडमा को 18 नवंबर 2025 को आंध्र के मारे डुमिल्ली में एनकाउंटर में मार दिया गया था। उसके बाद देवा ने PLGA बटालियन-1 की कमान संभाली। यह नक्सलियों का आखिरी मुख्य दस्ता था। देवा और हिड़मा सुकमा के पूवर्ति गांव के थे। दोनों ने 2013 दर्भा घाटी व 2021 सुकमा हमले की साजिश रची।

### हिमाचल में रैगिंग से परेशान छात्रा की मौत, 4 पर एफआईआर

**धर्मशाला।** हिमाचल के धर्मशाला स्थित गवर्नमेंट कॉलेज की 19 वर्षीय छात्रा की इलाज के दौरान मौत मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं में प्रोफेसर समेत 4 आरोपियों पर एफआईआर दर्ज कर दी है। मृतक छात्रा ने मरने से पहले एक वीडियो में प्रोफेसर पर यौन उत्पीड़न और 3 लड़कियों पर रैगिंग का आरोप लगाया था। शिकायतकर्ता पिता ने कॉलेज के प्रोफेसर अशोक कुमार पर छात्रा से अशोभनीय हरकतें और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप लगाए, जिसके चलते वो गहरे सदमे में चली गई थी। वह लगातार भयभीत रहने लगी और उसकी तबीयत बिगड़ती चली गई।

## हैप्पी मॉर्निंग

पिता ने देखा बेटा जींस का बटन टांक रहा था
पिता- बेटा हमने तुम्हारी शादी कराई, बहू घर आ गई,
फिर भी तुम अपनी पैंट का बटन खुद ही टांक रहे हो
बेटा- पापा आप गलत सोच रहे हो, यह जींस उसी की है......

## शायरी

बेरोजगारी की कहर टूट पड़ी है भारत में
वैकेंसी निकलती है कुछ ऐसी हालत में
काले बाल सफेद हो गया
सरकारी नौकरी के लालच में ।

## अर्थसार

सेंसेक्स:
85,762.01
+573.41 (0.67%)
निफ्टी:
26,328.55
+182.00

## मौसम

अधिकतम : 14 डिग्री से0
न्यूनतम : 06 डिग्री से0
सूर्योदय रविवार : 7 : 28
सूर्यास्त शनिवार : 5 : 47

### विरोध प्रदर्शन



'बंगाली हिंदू आदर्श संघ यूके' के सदस्यों ने लंदन स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर कथित अत्याचारों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

# इस साल 5 राज्यों में चुनाव, 3 में भाजपा कभी नहीं जीती

**इस साल देश की 17 प्रतिशत आबादी चुनेगी नई सरकारें**

नई दिल्ली। इस साल देश के 5 राज्यों में चुनाव होने हैं, जहां देश की 17 प्रतिशत आबादी अपने लिए नई सरकार चुनेगी। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल में भाजपा कभी चुनाव नहीं जीत पाई है। वहीं, असम में तीसरी बार और पुडुचेरी में दूसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही है।

### पश्चिम बंगाल : ममता चौथी बार सीएम बनीं तो रिकॉर्ड बनाएंगी

14 साल से सीएम ममता के सामने भाजपा मुख्य चुनौती है। 2026 के चुनाव में टीएमसी जीती तो ममता बनर्जी लगातार रिकॉर्ड चौथी बार मुख्यमंत्री बनेंगी। वे ऐसा करने वाली देश पहली महिला होंगी। इससे पहले जयललिता के नाम 5 बार तमिलनाडु की मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड है।

### असम : भाजपा के खिलाफ कांग्रेस का 8 पार्टियों से गठबंधन

असम में 10 साल से भाजपा की सरकार है। पार्टी तीसरे चुनाव की तैयारियों में जुटी है। पीएम मोदी 6 महीने में 3 बार राज्य का दौरा कर चुके हैं। यहां पार्टी ने 126 सीटों में से 100+



सीटें जीतने का टारगेट रखा है। असम में बांग्लादेश, घुसपैठियों/सीमा सुरक्षा, असमिया पहचान जैसे मुद्दे हैं। भाजपा को रोकने के लिए कांग्रेस ने 10 पार्टियों के साथ गठबंधन किया है। इसमें वामपंथी और क्षेत्रीय दल शामिल हैं।

### तमिलनाडु : 60 साल से कांग्रेस-भाजपा सरकार में नहीं

तमिलनाडु एकमात्र ऐसा राज्य है जहां पिछले 60 साल से भाजपा या कांग्रेस की सरकार नहीं बनी है। भाजपा जयललिता की पार्टी AIADMK से गठबंधन कर सकती है। इधर सुपरस्टार विजय की पार्टी टीवीके भी मैदान में हैं।

### केरल : इकलौता राज्य जहां लेफ्ट सत्ता में

केरल देश का इकलौता राज्य है, जहां अभी भी लेफ्ट सत्ता में है। यहां सत्ता बदलने की परंपरा रही है, लेकिन 2021 में वाम मोर्चा ने इस ट्रेंड को तोड़ते हुए लगातार दूसरी बार सरकार बनाई। कांग्रेस गठबंधन की कोशिश इस बार एंटी इनकम्बेंसी को कैश करानी की रहेगी।

### पुडुचेरी : देश की सबसे कम सीटों वाली विधानसभा

2021 में कांग्रेस सरकार गिरने के बाद AINRC-BJP गठबंधन ने सत्ता हासिल की और एन. रंगासामी एक बार फिर मुख्यमंत्री बने। यह पहली बार था जब BJP सत्ता में सीधे तौर पर भागीदार बनी। इस बार कांग्रेस DMK के साथ गठबंधन में वापसी की कोशिश कर रही है ।

# दिल्ली-यूपी में गलन भरी ठंड

**घने कोहरे से उत्तर भारत में जनजीवन अस्त-व्यस्त; पहाड़ों पर बर्फबारी**

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत इस समय कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की चपेट में है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में हल्की से मध्यम बर्फबारी और बारिश हो रही है, जबकि मैदानी इलाकों में घना कोहरा और शीत लहर का कहर जारी है। इससे दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में उड़ानें और ट्रेनें बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं।



- दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में उड़ानें और ट्रेनें बुरी तरह प्रभावित
- उत्तराखंड के ऊंचे इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण ताजा बर्फबारी दर्ज की गई

### पहाड़ों पर ताजा बर्फबारी

जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचे इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण ताजा बर्फबारी दर्ज की गई है। आईएमडी की प्रेस रिलीज के मुताबिक, अगले कुछ दिनों में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी की संभावना बनी हुई है।

इससे पर्यटकों को खुशी मिली है, लेकिन ऊंचाई वाले रास्तों पर फिसलन और अवरोध की स्थिति बन गई है।

मैदानों में घना कोहरा और शीत लहरदिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश और बिहार में रात और सुबह के समय घना से बहुत घना कोहरा छाया हुआ है। दृश्यता कई जगहों पर 50 मीटर से भी कम हो गई है।

आईएमडी ने 5-6 जनवरी तक घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। न्यूनतम तापमान 8-10 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है, जबकि अधिकतम तापमान सामान्य से कम दर्ज किया जा रहा है।

### उड़ानें और ट्रेनें प्रभावित

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घने कोहरे के कारण कई उड़ानें देरी से चल रही हैं या रद्द की गई हैं। इसी तरह, उत्तर भारत में दर्जनों ट्रेनें घंटों विलंब से चल रही हैं। यात्री परेशान हैं और एयरलाइंस ने यात्रियों को पहले फ्लाइट स्टेटस चेक करने की सलाह दी है।

### यूपी-एमपी में शीतलहर

कानपुर और प्रयागराज में भी शीत लहर के बीच घने कोहरे की चादर छाई हुई थी।

लोग खुद को गर्म रखने के लिए अलाव के चारों ओर बैठे दिखे। ऐसे ही नजारे मुरादाबाद में भी देखने को मिले। अयोध्या में कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम रही।

वाराणसी में भी शीत लहर जारी रही। मध्य प्रदेश में ग्वालियर कोहरे की चादर में लिपटा रहा। कश्मीर घाटी में तापमान और गिरने से शीत लहर की स्थिति बनी रही। श्रीनगर में डल झील पर पर्यटक देखे गए।

### भारत-पाक बॉर्डर पर मिली 20 करोड़ की हेरोइन

**श्रीगंगानगर।** पाकिस्तानी तस्करों की ओर से लगातार इंटरनेशनल बॉर्डर पर राजस्थान में ड्रग्स भेजी जा रही है। श्रीगंगानगर में नए साल (1 जनवरी) की रात ड्रोन के जरिए 20 करोड़ की हेरोइन भेजी गई। ड्रग्स को गिराते समय ड्रोन क्रैश हो गया। 4.88 किलो हेरोइन और ड्रोन को ले जा रहे तीन तस्करों को रावला थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। श्रीगंगानगर एसपी डॉ. अमृता दुहन ने शुक्रवार को घड़साना पुलिस थाने में हेरोइन तस्करी का खुलासा किया है। एसपी ने बताया- हेरोइन की खेप सीमा पार पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भेजी गई थी। जिस स्थान पर हेरोइन गिराई गई, वहीं ड्रोन भी क्रैश हो गया था। रावला थाना पुलिस 1 जनवरी की रात को पुलिस टीम गश्त पर थी।

**जहरीले पानी से 15 मौतों के बाद सरकार का एक्शन**

# इंदौर नगर निगम कमिश्नर को हटाया

**एडिशनल कमिश्नर और एग्जीक्यूटिव इंजीनियर सस्पेंड**

**इंदौर।** इंदौर में दूषित पानी से मौतों के मामले में मोहन सरकार ने नगर निगम कमिश्नर दिलीप कुमार यादव को हटा दिया है।

उन्हें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में उप सचिव के पद पर भेजा गया है। वहीं, एडिशनल कमिश्नर रोहित सिसोनिया और एग्जीक्यूटिव इंजीनियर संजीव श्रीवास्तव को सस्पेंड कर दिया गया है।

इससे पहले शुक्रवार दोपहर में नगर निगम कमिश्नर दिलीप यादव और एडिशनल कमिश्नर रोहित


इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित नल का पानी पीने के बाद कई लोगों के बीमार पड़ने वाली जगह पर पानी की पाइपलाइन खुली हुई है।

सिसोनिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। सिसोनिया को ट्रांसफर कर किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग में उप सचिव के पद पर भेजा गया था।

एग्जीक्यूटिव इंजीनियर संजीव श्रीवास्तव से जल वितरण कार्य विभाग का प्रभार वापस ले लिया गया था। इसके साथ ही इंदौर नगर निगम में तीन नए अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

### गुजरात में सुरेंद्रनगर के पूर्व कलेक्टर अरेस्ट : 1500 करोड़ की जमीन घोटाले का मामला

सुरेंद्रनगर। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने 1500 करोड़ रुपए के जमीन घोटाले के मामले में गुजरात में सुरेंद्रनगर के पूर्व कलेक्टर राजेंद्र पटेल को अरेस्ट किया है। शुक्रवार को ईडी की तीन टीमें गांधीनगर स्थित राजेंद्र पटेल के आवास पर पहुंचीं, जहां पहले उनसे पूछताछ की गई। हाल ही में ईडी की टीम ने सुरेंद्रनगर के कलेक्टर राजेंद्र पटेल के अलावा उनके पीए जयराजसिंह झाला, डिप्टी तहसीलदार चंद्रसिंह मोरी और क्लर्क मयूरसिंह गोहिल के घर पर छापा मारा था। छापेमारी के दौरान मोरी के घर से 60 लाख से अधिक का कैश भी जब्त किया गया था। यह कैश बेडरूम में छिपाकर रखा गया था। इसके बाद 23 दिसंबर को पीएमएलए की धारा 17 के तहत दर्ज अपने बयान में मोरी ने माना था कि जब्त किया गया कैश रिश्वत का पैसा है, जो आवेदकों से सीधे या बिचौलियों के जरिए लिया गया था।

# महाराष्ट्र में बड़े साइबर फ्रॉड का पर्दाफाश

**1400 की आबादी वाले गांव में बना दिए 27 हजार फर्जी जन्म प्रमाणपत्र**

**यवतमाल (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में एक चौंकाने वाला साइबर अपराध का मामला सामने आया है। आर्णी तहसील के शेंदुरसनी गांव की ग्राम पंचायत के सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम को हैक कर हजारों फर्जी जन्म प्रमाणपत्र जारी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। इस गांव की कुल आबादी मात्र 1400 के आसपास है, लेकिन पिछले कुछ महीनों में यहां 27,000 से अधिक जन्म प्रमाणपत्र और 7 मृत्यु प्रमाणपत्र दर्ज कर लिए गए।

मामले का खुलासा जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुभाष धोले की जांच से हुआ। जांच में पता चला कि ये रजिस्ट्रेशन गांव की वास्तविक आबादी से पूरी तरह असंगत हैं। शिकायत मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई शुरू की।

पुलिस अधीक्षक कुमार चिंता के



निर्देश पर साइबर सेल और उपविभागीय पुलिस अधिकारी दिनेश बैसाने की टीम ने तकनीकी जांच की। डिजिटल फुटप्रिंट्स का पीछा करते हुए टीम बिहार पहुंची और वहां से गिरोह के कथित मास्टरमाइंड 20 वर्षीय आदर्श कुमार दुबे को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस जांच से पता चला कि आरोपी ने सरकारी सीआरएससर्वर में सेंध लगाकर देश के विभिन्न हिस्सों के लिए फर्जी प्रमाणपत्र जारी किए थे। ये प्रमाणपत्र आधार कार्ड, पासपोर्ट या अन्य सरकारी योजनाओं के लिए दुरुपयोग किए जा सकते थे। पुलिस का मानना है कि यह कोई छोटा फ्रॉड नहीं, बल्कि एक बड़ा अंतरराज्यीय नेटवर्क हो सकता है, जिसमें बिहार से मजबूत तार जुड़े हैं।

# पान मसाला निर्माताओं को नए कानून के तहत कराना होगा पंजीकरण

- एक फरवरी से पंजीकरण के लिए आवेदन करना होगा
- प्रत्येक फैक्ट्री के लिए अलग पंजीकरण और मशीन विवरण देना होगा

**नई दिल्ली।** पान मसाला निर्माताओं को स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर कानून के तहत एक फरवरी से पंजीकरण के लिए आवेदन करना होगा। संसद ने हाल ही में इस कानून को पारित किया है। तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर लगाने के प्रविधान वाला यह कानून एक फरवरी से लागू होगा।

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा, जिन निर्माताओं के पास एक से अधिक फैक्टरियों में मशीनें हैं।

उन्हें प्रत्येक फैक्ट्री के लिए अलग- अलग पंजीकरण कराना होगा। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य प्रश्नों (एफएक्यू) में बताया गया है कि इस कानून के लागू होने पर तुरंत यानी एक फरवरी को पंजीकरण के लिए आवेदन करना होगा। चूंकि



उपकर का भुगतान करने की जिम्मेदारी उसी दिन से शुरू होती है, निर्माताओं को जल्द से जल्द पोर्टल पर पंजीकरण आवेदन करना चाहिए।

निर्माताओं को ऑटोमेशन आफ सेंट्रल एक्साइज एंड सर्विस टैक्स (एसीईएस) पोर्टल पर आवेदन करना होगा।

पंजीकरण के अनुमोदन के सात दिनों के भीतर एसीईएस पोर्टल पर घोषणा पत्र दाखिल करना होगा। इस घोषणा पत्र में मशीनों के पैरामीटर (अधिकतम रेटेड स्पीड आदि) को स्पष्ट करना आवश्यक है, जो उपकर की गणना के लिए प्रासंगिक हैं।

टैक्स आफिसर प्रारंभिक घोषणा पत्र दाखिल करने के 90 दिनों के भीतर फैक्ट्री और मशीनों की भौतिक सत्यापन करेंगे।

### प्रियंका गांधी के बेटे ने अपनी सगाई कन्फर्म की

**नई दिल्ली।** वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा के बेटे रेहान वाड्रा की गर्लफ्रेंड अवीवा बेग से सगाई हो गई है। दोनों ने इंस्टाग्राम पर सगाई की फोटो पोस्ट की है। इसमें उन्होंने बताया कि सगाई 29 दिसंबर 2025 को हो गई है। वहीं, उद्योगपति रॉबर्ट वाड्रा ने भी बेटे रेहान की सगाई की फोटो पोस्ट करके कहा- बेटा जवान हो गया, उसे जीवनसंगनी मिल गई। रेहान के जीवन में हमेशा खुशियां बनी रहें।

# दिल्ली में बंदरों को भगाने के लिए लोगों की भर्ती

**लंगूर की आवाज निकालेंगे; विधानसभा के बाहर 8 घंटे की शिफ्ट में करना होगा काम**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा परिसर में बंदरों के बार-बार घुसने और उत्पात मचाने की समस्या से निपटने के लिए विधानसभा प्रशासन ने नई तरकीब निकाली है। बंदरों को भगाने के लिए लंगूर की आवाज की नकल करने वाले लोगों को तैनात करने की योजना बनाई गई है।

लोक निर्माण विभाग ने लंगूरों की आवाज निकालने वाले लोगों की हायरिंग के लिए टेंडर भी निकाल दिया है। अधिकारियों के मुताबिक, पहले उनके पास लंगूर की नकल करने वाले लोग थे, लेकिन उनका कांट्रेक्ट खत्म हो गया है। अब प्रशासन वर्किंग डे और शनिवार को प्रशिक्षित कर्मियों को तैनात करने की योजना बना रहा है, जिनमें से हर कर्मी 8 घंटे की शिफ्ट में काम करेगा। ये कर्मी लंगूर की आवाज की नकल कर बंदरों को भगाएंगे। विशेषज्ञ अपने साथ एक लंगूर भी लाएगा। अधिकारियों के मुताबिक, एजेंसी संचालन के दौरान उचित उपकरण, अनुशासन और सुरक्षा मानदंडों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए भी जिम्मेदार होगी। बंदरों को भगाने के लिए तैनात कर्मियों के लिए निगरानी और बीमा कवरेज की व्यवस्था होगी।

**हिंसक झड़प** | **हिंसा में एक की मौत; वाल्मीकि बैनर फाड़ने के आरोप में भाजपा विधायक समेत 11 पर एफआईआर**

# कर्नाटक के बेल्लारी में भाजपा-कांग्रेस समर्थक भिड़े

**बल्लारी।** कर्नाटक के बेल्लारी में वाल्मीकि बैनर फाड़ने को लेकर गुरुवार को भाजपा-कांग्रेस समर्थक भिड़ गए। दोनों गुटों में हुई हिंसक झड़प के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई।

झड़प बीजेपी विधायक जनार्दन रेड्डी और कांग्रेस विधायक भरत रेड्डी के समर्थकों के बीच बैनर लगाने को लेकर हुई, जो 3 जनवरी को शहर में वाल्मीकि प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम से पहले पोस्टर-बैनर लगा रहे थे।

भरत रेड्डी के समर्थक अवमभावी इलाके में जनार्दन रेड्डी के घर के सामने बैनर लगाने की कोशिश कर रहे थे, जिसका रेड्डी के समर्थकों ने विरोध



किया। इससे दोनों गुटों में जमकर बहस हुई।

दोनों पक्षों में पत्थरबाजी हुई, पुलिसकर्मियों पर भी पत्थर फेंके गए। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और हवाई फायर भी किए। शुक्रवार को पुलिस ने बीजेपी विधायक जनार्दन रेड्डी, पूर्व मंत्री श्रीरामुलु, शेखर, अलीखान और सोमशेखर रेड्डी समेत 11 लोगों के खिलाफ ब्रूसपेट थाने में एफआईआर दर्ज कर ली है।

### एसपी बोले- गलती से हुई फायरिंग में मारा गया एक व्यक्ति

एसपी बल्लारी रंजीत कुमार बंदारू ने कहा- कल शाम बीजेपी विधायक जनार्दन रेड्डी के घर के सामने वाल्मीकि मूर्ति के उद्घाटन के पोस्टर लगाने को लेकर हुए विवाद के कारण दंगा हुआ। इस विवाद के कारण जनार्दन रेड्डी के समर्थकों और शहर के विधायक के समर्थकों के बीच दंगा और पत्थरबाजी हुई। फायरिंग भी हुई, और गलती से हुई फायरिंग में एक व्यक्ति राजशेखर की मौत हो गई। मृतक को अस्पताल ले जाया गया। पोस्टमार्टम पूरा हो गया है।

अपनी कंप्लेंट में, 47 साल के चनाला शेखर ने कहा कि एमएलए भरत रेड्डी शहर में सड़कों और पब्लिक प्रोजेक्ट्स समेत कई डेवलपमेंट के काम कर रहे हैं। इसी के तहत, एसपी सर्कल के पास वाल्मीकि की मूर्ति के अनावरण के लिए एक बड़ा प्रोग्राम रखा गया था।

1 जनवरी को शाम 6.30 बजे से 7.30 बजे के बीच, आरोपी जनार्दन रेड्डी, सोमशेखर रेड्डी और दूसरों ने जनार्दन रेड्डी के घर के पास लगाए गए बैनरों को नुकसान पहुंचाया। इसके बाद दोनों गुटों में संघर्ष हिंसक हो गया।

## संपादकीय

# आधुनिक भारत में अंधविश्वास का खौफनाक सच



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारत, जो दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, जहां स्मार्टफोन और अंतरिक्ष मिशन आम बात हो गए हैं, वहां भी अंधविश्वास की जड़ें गहरी हैं। आधुनिकता की चमकदार सतह के नीचे छिपा है एक खौफनाक सच - जहां लोग आज भी डायन, भूत-प्रेत, काला जादू और मानव बलि जैसी मान्यताओं के चंगुल में फंसे हैं। यह न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करता है, बल्कि हिंसा, हत्या और सामाजिक पिछड़ेपन का कारण बनता है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की रिपोर्ट्स बताती हैं कि अंधविश्वास से जुड़ी हिंसा आज भी जारी है, खासकर ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में।

अंधविश्वास की सबसे भयावह अभिव्यक्ति है डायन शिकार (witch-hunting)। NCRB के आंकड़ों के अनुसार, 2000 से 2016 तक भारत में 2500 से अधिक लोग डायन के आरोप में मारे गए, जिनमें अधिकांश महिलाएं थीं। झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा और असम जैसे राज्यों में यह प्रथा सबसे ज्यादा प्रचलित है। 2020 में जादू-टोने के आरोप में 88 मौतें हुईं। हाल की घटनाओं में असम के कार्बी आंग्लोंग जिले में दिसंबर 2025 में एक दंपति को डायन के शक में पीट-पीटकर मार डाला गया और उनका घर जला दिया गया। बिहार के पूर्णिया में एक महिला और उसके परिवार के पांच सदस्यों को डायन बताकर हत्या कर दी गई। ये घटनाएं दिखाती हैं कि शिक्षा और विकास के बावजूद अंधविश्वास कैसे निर्दोष जानें ले रहा है। अक्सर ये आरोप संपत्ति हड़पने या व्यक्तिगत दुश्मनी के लिए लगाए जाते हैं, खासकर विधवाओं या अकेली महिलाओं पर।

मानव बलि का कलंक भी भारत से मिटा नहीं है। NCRB के अनुसार, 2014 से 2021 तक 100 से अधिक मानव बलि के मामले दर्ज हुए। 2020 में 11 मौतें मानव बलि से जुड़ी थीं। हालांकि ये दुर्लभ हैं, लेकिन ग्रामीण इलाकों में धन, स्वास्थ्य या सफलता के लिए ऐसी कुरीतियां होती हैं। बच्चों और महिलाओं को सबसे ज्यादा निशाना बनाया जाता है। केरल जैसी साक्षर राज्य में भी हाल के वर्षों में कर्मकांड के नाम पर महिलाओं की बलि की घटनाएं सामने आईं। ये घटनाएं बताती हैं कि अंधविश्वास गरीबी, अशिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी से पनपता है। जहां डॉक्टर नहीं पहुंचते, वहां ओझा-गुणी और तांत्रिकों का बोलबाला होता है।

शिक्षित समाज में भी अंधविश्वास कम नहीं है। आईआईटी जैसे संस्थानों के छात्र परीक्षा से पहले मंदिरों में चले जाते हैं। राजनीतिक नेता और सेलिब्रिटी ज्योतिष पर निर्भर रहते हैं। एक सर्वे में पाया गया कि भारत के अधिकांश लोग कर्म, पुनर्जन्म और बुरी नजर में विश्वास करते हैं। काली बिल्ली का रास्ता काटना, नींबू-मिर्च टांगना या eclipse के दौरान बाहर न निकलना जैसी मान्यताएं शहरों में भी प्रचलित हैं। इससे न केवल वैज्ञानिक सोच कमजोर होती है, बल्कि समाज पिछड़ता है।

अंधविश्वास विरोधी लड़ाई में कई योद्धाओं ने जान गंवाई। डॉ. नरेंद्र डाभोलकर, जो महाराष्ट्र में अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के संस्थापक थे, 2013 में गोली मारकर हत्या कर दी गई क्योंकि वे काला जादू और अंधविश्वास के खिलाफ कानून की मांग कर रहे थे। उनकी हत्या के बाद महाराष्ट्र में ऐसा कानून बना, लेकिन देश में अभी भी केंद्रीय स्तर पर कोई मजबूत कानून नहीं है। केवल कुछ राज्य जैसे महाराष्ट्र, कर्नाटक और असम में ऐसे प्रावधान हैं।

यह खौफनाक सच है कि आधुनिक भारत में अंधविश्वास न केवल जीवित है, बल्कि हिंसा को जन्म दे रहा है। इसका कारण अशिक्षा, गरीबी और सामाजिक रूढ़ियां हैं। समाधान शिक्षा, जागरूकता और सख्त कानून में है। संविधान के अनुच्छेद 51ए(h) में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना मौलिक कर्तव्य है। अगर हम इसे नजरअंदाज करेंगे, तो विकास की रफ्तार रुक जाएगी। अंधविश्वास का अंधेरा दूर करने का समय अब है, वरना निर्दोष जानें यूँ ही जाती रहेंगी।

## मेहनतकशों की बेकद्री

बाजार आने-जाने के झंझट से बचा लोगों के घरों में तुरत-फुरत जीवन उपयोगी सामान पहुंचाने वाले गिग-वर्कर्स की जटिल कार्यपरिस्थितियां और पसीने का मोल न मिलना, बेहद चिंता की बात है। अपना व परिवार का पोषण करने वाले ये युवा अकसर सरपट मोटरसाइकिल दौड़ाते और सीढ़ियां चढ़कर ऊंची मंजिलों में दरवाजों तक सामान पहुंचाते देखे जा सकते हैं। बेहद कम मेहनताने, कंपनी मालिकों के दबाव व ग्राहकों की उपेक्षा झेलते गिग वर्कर्स ने नये साल की पूर्व संध्या पर हड़ताल करके अपनी बदहाली को ही उजागर किया है। संवेदनशील कार्य परिस्थितियों और नौकरी की असुरक्षा के चलते गिग-वर्कर्स हड़ताल पर थे। हालांकि, नये साल पर काम के दबाव व पूरी तरह संगठित न होने के कारण इनकी हड़ताल का कुछ ही इलाकों में असर देखा गया। पूरे देश में सामान की आपूर्ति बाधित हुई हो, ऐसा भी कोई समाचार नहीं मिला है। लेकिन गिग-वर्कर्स की विषम कार्य-परिस्थितियों की ओर पूरे देश का ध्यान जरूर गया है। पिछले दिनों आप के राघव चड्ढा और राजद के मनोज कुमार झा जैसे सांसदों ने गिग वर्कर्स के शोषण का मुद्दा संसद में उठाया था। निस्संदेह, देश की गिग अर्थव्यवस्था ने रोजगार सृजन में अपनी क्षमता साबित की है। विडंबना है कि भारत युवाओं को देश का कहा जाता है, लेकिन हम उनकी आकांक्षाओं का रोजगार नहीं दे पा रहे हैं। दरअसल, गिग-वर्कर्स की प्रमुख मांग है कि उनके काम का बेहतर भुगतान हो और उनके लिये बेहतर कामकाजी परिस्थितियां बनायी जाएं। उनकी इस हड़ताल ने इन मुद्दों पर देश का ध्यान खींचा है। लेकिन देश के प्रमुख खाद्य वितरण करने वाली कंपनी ने 31 दिसंबर को इस हड़ताल के बावजूद ऑर्डर में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की। वहीं थके-हारे बाइकर्स अपनी अनगिनत शिकायतें व्यक्त करते रहे। दरअसल, विडंबना यह है कि खूब काम लेने के बावजूद गिग-वर्कर्स को पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी के दायरे से बाहर आजीविका कमाने वाले व्यक्तियों के रूप में परिभाषित किया जाता है।

दरअसल, गिग-वर्कर्स को नई अर्थव्यवस्था में नियोक्ता एक कर्मचारी के रूप में नियुक्त करने के दायित्व से बचने का प्रयास करते हैं। लेकिन नियोक्ताओं की हायर व फायर की रणनीति के चलते, वे असुरक्षित कार्य परिस्थितियों में काम करने को बाध्य होते हैं। इसके बावजूद वे आज शहरी जीवन व्यवस्था के लिये अभिन्न अंग बन गए हैं। लोगों की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए दौड़ते रहते हैं। वे सामान दस मिनट तक दरवाजे पर पहुंचाने के दबाव में हांफते-भागते, मोटरसाइकिल दौड़ाते और सीढ़ियों पर सामान चढ़ाते अकसर नजर आते हैं। आम तौर पर उपभोक्ताओं का व्यवहार भी अच्छा नहीं होता। देरी होने पर इन्हें झिड़का जाता है। सामान में नुक्स निकालकर इन्हें दौड़ाया जाता है। आज भारत में इनकी संख्या सवा करोड़ से अधिक है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक इन कामगारों की संख्या दो करोड़ पैंतीस लाख तक हो सकती है। निश्चित रूप से आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र की अनदेखी नहीं की जा सकती। लेकिन फिलहाल स्थिति यह है कि मेहनताने में कटौती, जरा सी चूक पर आर्थिक दंड तथा समय से पहले पहुंचाने के दबाव से गिग-वर्कर्स त्रस्त हैं। मुश्किल परिस्थितियों में काम करते रहने के बावजूद ये कामगार हड़ताल में बड़ी संख्या में भाग नहीं ले पाये। दरअसल, प्लेटफॉर्म अकसर प्रोत्साहन और अतिरिक्त वेतन के जरिये श्रमिकों के विरोध प्रदर्शन को दबा देते हैं। निश्चित रूप से गिग-वर्कर्स का लगातार 14 घंटे काम करने के बावजूद सात-आठ सौ रुपये कमाना और दुर्घटना बीमा से वंचित रखना, इस व्यवस्था की उन खामियों की ओर भी इशारा करता है, जिन्हें केवल फौरी लालच या प्रोत्साहन से ठीक नहीं किया जा सकता। ऐसे में हालिया श्रम सुधारों का महत्व बढ़ जाता है।

# गिग-वर्कर्स: डिजिटल सुविधा की चकाचौंध में पसीने का अंधेरा

-ललित गर्ग-




ऑनलाइन बाज़ार और त्वरित सेवाओं के इस दौर में गिग-वर्कर्स शहरी जीवन-व्यवस्था की वह अदृश्य रीढ़ बन चुके हैं, जिनके बिना 'दस मिनट में डिलीवरी' और 'एक क्लिक पर सुविधा' की कल्पना भी नहीं की जा सकती। बाज़ार आने-जाने के झंझट से लोगों को मुक्त करने वाले ये युवा हर मौसम, हर समय और हर जोखिम में घर-घर सामान पहुँचाते हैं। लेकिन विडंबना यह है कि जिनके श्रम पर डिजिटल अर्थव्यवस्था की ऊँची इमारत खड़ी है, वही श्रमिक सबसे अधिक असुरक्षा, शोषण और उपेक्षा झेल रहे हैं। नये साल की पूर्व संध्या पर गिग-वर्कर्स द्वारा की गई हड़ताल ने भले ही देशव्यापी आपूर्ति-श्रृंखला को ठप न किया हो, लेकिन इसने उनकी बदहाल कार्य-परिस्थितियों की ओर देश का ध्यान अवश्य खींचा है। यह हड़ताल किसी राजनीतिक उकसावे का परिणाम नहीं, बल्कि लगातार बढ़ते काम के दबाव, घटते मेहनताने, नौकरी की अनिश्चितता और सम्मान के अभाव की स्वाभाविक प्रतिक्रिया थी।

अपना व परिवार का पोषण करने वाले इन युवा गिग-वर्कर्स को अकसर सरपट दौड़ती मोटरसाइकिलों पर, भारी थैलों के साथ ऊँची इमारतों की सीढ़ियाँ चढ़ते देखा जा सकता है। समय सीमा का दबाव इतना तीव्र होता है कि ज़रा-सी देरी पर आर्थिक दंड झेलना पड़ता है। दुर्घटना, बीमारी या तकनीकी गड़बड़ी-किसी भी स्थिति में उनकी आय पर सीधा असर पड़ता है। ग्राहकों का व्यवहार भी प्रायः असंवेदनशील होता है। देर होने पर झिड़कियाँ, सामान में कमी निकालकर अपमान, कभी-कभी हिंसक व्यवहार और रेटिंग के ज़रिये भविष्य की कमाई पर प्रहार-यह सब इनके रोज़मर्रा का हिस्सा है। इसके बावजूद औसतन 12-14 घंटे काम करने के बाद भी सात-आठ सौ रुपये की आय और वह भी बिना समुचित बीमा या सामाजिक सुरक्षा के एक गहरे शोषण की ओर इशारा करती है।

गिग वर्कर्स वे लोग होते हैं जो पारंपरिक नौकरी के बजाय अस्थायी, लचीले और स्वतंत्र रूप से छोटे-छोटे काम (गिग्स) करते हैं, जो अक्सर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे ऊबर, स्वीग्गी, जोमाटोज् या अन्य ऐप्स के ज़रिए मिलते हैं और इन्हें प्रति कार्य या प्रोजेक्ट के हिसाब से भुगतान मिलता है, न कि नियमित वेतन. इन श्रमिकों के पास कोई स्थायी रोजगार अनुबंध नहीं होता और वे खुद के बॉस की तरह काम करते हैं, लेकिन उन्हें सामाजिक सुरक्षा (जैसे स्वास्थ्य बीमा, पेंशन) जैसे लाभ नहीं मिलते। गिग वर्कर्स की चुनौतियाँ एवं मजबूरियां ज्यादा है, आय कम। आय की अनिश्चितता, सामाजिक सुरक्षा लाभों (जैसे बीमारी, दुर्घटना, पेंशन) का अभाव, श्रम अधिक-भुगतान कम, कामकाजी घंटों और मजदूरी को लेकर अक्सर विवाद। गिग वर्कर्स गिग इकॉनमी का हिस्सा हैं, जहाँ वे अपनी मर्ज़ी से छोटे-छोटे, अस्थायी काम करके पैसे कमाते हैं, जो पारंपरिक 9-से-5 की नौकरी से अलग होता है। गिग वर्कर का अर्थ है एक ऐसा व्यक्ति जो आमतौर पर सेवा क्षेत्र में एक स्वतंत्र ठेकेदार या फ्रीलांसर के रूप में अस्थायी काम करता है जो पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी संबंधों के बाहर काम करता है या कार्य व्यवस्था में भाग लेता है और ऐसी गतिविधियों से कमाई करता है।

निस्संदेह, गिग अर्थव्यवस्था ने रोजगार सृजन की अपनी क्षमता दिखाई है। आज भारत में गिग-वर्कर्स की संख्या सवा करोड़ से अधिक है और अनुमान है कि 2030 तक यह संख्या दो करोड़ पैंतीस लाख तक पहुँच सकती है। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि बेरोजगारी के बढ़ते दौर में पढ़े-लिखे युवा इस व्यवस्था में 'विकल्प' के रूप में नहीं, बल्कि 'मजबूरी' में प्रवेश कर रहे हैं। जिस देश को युवाओं का देश कहा जाता है, वहाँ शिक्षित युवाओं का अस्थायी, असुरक्षित और सम्मानहीन श्रम-व्यवस्था में फँसना न केवल चिंताजनक, बल्कि शर्मनाक भी है। यह स्थिति बताती है कि हमारी विकास-नीतियाँ रोजगार की गुणवत्ता पर नहीं, केवल संख्या पर केंद्रित हैं। गिग-वर्कर्स की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि कंपनियाँ उनसे पूरा काम लेती हैं, लेकिन उन्हें पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी संबंध के दायरे में स्वीकार नहीं करतीं। उन्हें 'स्वतंत्र कामगार' कहकर नियुक्ति, स्थायित्व, बीमा और न्यूनतम वेतन जैसी जिम्मेदारियों से बचा जाता है।

हायर एंड फायर की नीति, एल्गोरिदम आधारित नियंत्रण, रेटिंग सिस्टम और प्रोत्साहन के नाम पर लालच-ये सब मिलकर एक ऐसी अदृश्य जकड़न पैदा करते हैं, जिसमें श्रमिक स्वतंत्र दिखता है, लेकिन वास्तव में पूरी तरह नियंत्रित होता है। हड़ताल के दौरान भी अतिरिक्त प्रोत्साहन देकर या ऑर्डर बढ़ाकर श्रमिक एकता को कमजोर कर दिया जाता है। 31 दिसंबर को एक प्रमुख खाद्य वितरण कंपनी द्वारा रिकॉर्ड ऑर्डर दर्ज किया जाना इसी विडंबना को उजागर करता है। हाल के दिनों में संसद में भी गिग-वर्कर्स के शोषण का मुद्दा उठा है। सांसद राघव चड्ढा और मनोज कुमार झा जैसे नेताओं ने इस वर्ग की दयनीय स्थिति पर ध्यान दिलाया है। यह स्वागतयोग्य है, क्योंकि नीति-निर्माण की प्रक्रिया में जब तक इन श्रमिकों की आवाज़ शामिल नहीं होगी, तब तक सुधार अधूरे रहेंगे।


भारत सरकार द्वारा हालिया श्रम सुधारों में पहली बार गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को कानूनी रूप से परिभाषित किया गया है। एग्रीगेटर कंपनियों के टर्नओवर का एक से दो प्रतिशत सामाजिक सुरक्षा कोष में योगदान, आधार से जुड़े सार्वभौमिक खाता नंबर जैसी व्यवस्थाएँ एक लंबे समय से प्रतीक्षित कदम हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या ये प्रावधान वास्तव में गिग-वर्कर्स के जीवन में ठोस बदलाव ला पाएँगे? या फिर ये केवल काग़ज़ी सुधार बनकर रह जाएँगे? जब तक न्यूनतम आय, कार्य-घंटों की सीमा, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य सुरक्षा और शिकायत निवारण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित नहीं होती, तब तक इन सुधारों को परिवर्तनकारी नहीं कहा जा सकता।

31 दिसंबर की हड़ताल भले ही पूरी तरह सफल न रही हो, लेकिन वह नैतिक और सामाजिक रूप से पूरी तरह जायज़ थी। यह हड़ताल व्यवस्था को बाधित करने से अधिक, व्यवस्था के भीतर छिपे अन्याय, शोषण की वृत्ति एवं दोगलेपन को उजागर करने का प्रयास थी। गिग-वर्कर्स ने यह संदेश दिया कि वे केवल 'डिलीवरी बॉय' नहीं, बल्कि श्रमशील नागरिक हैं, जिनके अधिकारों की अनदेखी अब और नहीं की जा सकती। निश्चित ही डिजिटल अर्थव्यवस्था का भविष्य गिग-वर्कर्स के बिना संभव नहीं है। इसलिए यह ज़रूरी है कि नीति-निर्माता, कंपनियाँ और उपभोक्ता-तीनों अपनी भूमिका पर आत्ममंथन करें। कंपनियों को लाभ के साथ जिम्मेदारी भी स्वीकार करनी होगी, सरकार को कानूनों का सख्त क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा और उपभोक्ताओं को सुविधा के साथ संवेदनशीलता भी अपनानी होगी। यदि हम गिग-वर्कर्स को केवल सुविधा का साधन मानते रहे और उन्हें सम्मान, सुरक्षा व स्थायित्व नहीं दिया, तो यह केवल श्रमिकों का नहीं, बल्कि हमारी विकास-कल्पना का भी संकट होगा। विकसित भारत, उन्नत भारत एवं समृद्ध भारत के नाम पर एक बदनुमा दाग होगा। डिजिटल भारत की असली परीक्षा यही है कि वह अपने सबसे तेज़ दौड़ने वाले श्रमिकों को कितना सुरक्षित और सम्मानित जीवन दे पाता है।

तेज़ी से फैलती ऑनलाइन सेवाओं की दुनिया में गिग-वर्कर्स की कार्य-सेवाओं को अब अनौपचारिक नहीं, बल्कि नियोजित, मान्यताप्राप्त और सम्मानजनक श्रम के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए। उनकी मेहनत का उचित और सुनिश्चित भुगतान, सुरक्षित कार्य-परिस्थितियाँ और सामाजिक सुरक्षा कोई दया नहीं, बल्कि उनका अधिकार है, जिसमें सरकार को निर्णायक हस्तक्षेप करना ही होगा। मुनाफ़े की अंधी दौड़ में लगी बड़ी कॉरपोरेट कंपनियों को यह समझना होगा कि श्रम केवल लागत नहीं, बल्कि व्यवस्था की आत्मा है; शोषण की मानसिकता छोड़कर संवेदनशीलता और जवाबदेही अपनाए बिना कोई भी डिजिटल विकास टिकाऊ नहीं हो सकता। यदि गिग-वर्क को गरिमा, सुरक्षा और स्थायित्व के साथ विकसित किया जाए, तो यही सेवाएँ मजबूरी का प्रतीक नहीं, बल्कि रोज़गार की एक आदर्श और मानवीय व्यवस्था बन सकती हैं, जहाँ सुविधा केवल उपभोक्ता को नहीं, सम्मान कामगार को भी मिले।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3759




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




### काकुरो - 3758 का हल



## हंसी के फव्वारें

अपराधी का पहला अपराध होने के कारण न्यायाधीश ने उसे क्षमा करते हुए कहा- 'हमें पूरा विश्वास है तुम कभी यहां दिखाई नहीं दोगे.'

हां हजूर, मेरी कोशिश होगी कि पुलिस मुझे न पकड़ सके और फिर कभी मैं यहां न दिखाई दूँ.

□ □ □

'अरे यह क्या? आप कहां से आ रहे हैं? कपड़े फटे हुए हैं. खून निकल रहा है, सिर पर चोट लगी है. चलो आपको घर पहुंचा दूं.' मित्र ने संवेदनाभरे स्वर में कहा.

नहीं, नहीं मैं घर नहीं जाऊंगा, घर से ही आ रहा हूँ, घायल ने शीघ्रतापूर्वक कहा.

□ □ □

एक यात्री ने बड़े तेज स्वर में रेलवे के स्टेशन मास्टर से शिकायत कि-चालीस मिनट हो गये, ट्रेन अभी तक नहीं पहुँची.

स्टेशन मास्टर ने कहा-घबराइये नहीं, यह टिकट चौबीस घण्टे तक चल सकता है.

□ □ □

क्या आप जानते हैं कि नाव को स्त्रीलिंग क्यों माना जाता है?

'क्योंकि नाव हवा के साथ-साथ अपना रुख बदलती रहती है.'

□ □ □

शिक्षक: पानी पर मच्छर क्यों बैठते हैं?

राजीव: इसलिए कि पानी उड़ न जाये.

## फिल्म वर्ग पहेली - 3759



**बायें से दायें:-**

१. बॉबी, करिश्मा की 'ओ मेरे ढोलना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'कहदूँ तुम्हें' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूर की हिट फिल्म-३
५. संजय कपूर, तब्बू की 'मैंने जी लिया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'साल के बारा महीने' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
८. ऋषि, माधुरी की 'मेरा पिया घर आया' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'सीता और गीता' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था?-२
१२. 'पलके हो खुली या बंद' गीत वाली सुनील शेट्टी, सोनाली की फिल्म-३
१३. संजयदत्त, अनिता राज की 'आते आते तेरी' गीत वाली फिल्म-२,१,२
१४. सुनील शेट्टी, सोमी अली की 'ना वादा करते हैं' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'परदे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान की फिल्म-२
१७. राजकुमार, नाना पाटेकर, ममता कुलकर्णी, वर्षा की 'पीले पीले ओ मेरे राजा' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'रूठे रूठे पिया' गीत वाली विजय आनंद, जया की फिल्म-२,३
२१. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तनहाइयां' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'शहरों की गलियों में' गीत वाली राजेश, शर्मिला की फिल्म-२,२
२६. गोविंदा, रवीना की 'सासूजी थारो लाड़ा' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'दिल विच तेरा ही' गीत वाली अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-२
२८. मिथुन, अतुल, पूजा की 'तेरे बिन मैं कुछ नहीं' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मैं दुनिया भुला दूंगा' गीत वाली राहुल, अनु अग्रवाल की फिल्म-३
२. राजकपूर, नतून की 'रूक जा ओ जानेवाली' गीत वाली फिल्म-३
३. 'ऐ सनम जिसने तुझे' गीत वाली राजकपूर, सायरा की फिल्म-३
४. ऋषि, नीतूसिंह की 'किसी पे दिल अगर' गीत वाली फिल्म-५
६. सोमदत्त, विनोद खन्ना, लीना चंदावरकर की पहली फिल्म-२,१,२
९. गोविंदा, करिश्मा की 'याद सताए तेरी' गीत वाली फिल्म-२,२
११. फिल्म 'लक्ष्य' के गीत 'मैं ऐसा क्यों हूँ' का गायक-२
१३. सलमान, करिश्मा की 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१४. अक्षय, लारा की फिल्म-३
१५. सुनील, आशा पारेख की 'आज नाचूँ ऐसे' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'मेरे दिल में आज' गीत वाली राजेश, शर्मिला, राखी की फिल्म-२
१८. कमल सदाना, आयशा, दिव्याकी 'दिल चीर के' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'ले के चली मुझे' गीत वाली विश्वजीत, वहीदा की फिल्म-३
२०. जैकी, डिम्पल की 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'राधा ना बोले' गीत वाली फिल्म-३
२२. फिल्म 'कोशिश' में नायक कौन है-३
२३. फिल्म 'ज्वैल थीफ' में नायक कौन है-२
२५. टी. वी. धारावाहिक 'सॉस' की नायिका कौन थी?-२
२६. दीनो मोरिया, बिपाशा की 'जो भी कसमें' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 3758



## सूडोकु -3759


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3758 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## शब्द पहेली - 3759




**बाएँ से दाएँ**

1.बेजोड़-4
4.परिचय,निशान-4
7.कला-3
9.सज्जनता,चरित्र, आदर्श-3
10.प्रथा,रिवाज-3
11.उपस्थिति-3
12.सेन्धमार-5
15.शयनागार,बेडरूम, आरामगाह-3,2
18.तड़के,सुबह सवेरे-5
20.चुगली करना-2,3
22.मैला,गंदा-3
23.रसद,आहर पदार्थ-3
25.प्रणाम,नमस्कार-3
26.तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27.स्थायी,प्राचीन-4
28.हुकूमत,राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**

2.मुलाकात,मिलाप-3
3.खून से लथपथ-5
4.लालन-पालन-5
5.सेवक,नौकर,दास-3
6.धोखेबाज-4
8.समान,एक जैसा-4
13.पंकज,जलज-3
14.आघात,चोट-3
16.भरोसा,विश्वास-3
17.कुली,पालकी वाहक-3
18.जुर्म,गुनाह-4
19.स्वदेश वासी-5
20.शतपदी, कनखजूरा-5
21.अहमक, मूर्ख-4
24.स्नान करना-3
25.सम्मान, पगड़ी-3

### शब्द पहेली -3758 का हल



# आज होगी नोएडा प्राधिकरण की 221 वीं बोर्ड बैठक

## 19 प्रस्तावों को किया जाएगा शामिल, बिल्डरों को मिल सकता है रिलेक्सेशन




**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की 221वीं बोर्ड बैठक आज होगी। बैठक की अध्यक्षता आईडीसी व चेयरमैन दीपक कुमार करेंगे। बैठक में इस बार पब्लिक से जुड़े हुए 19 प्रस्ताव रखे जाएंगे।

जिन पर चर्चा की जाएगी। इसमें ग्रुप हाउसिंग के पांच, संस्थागत के दो , कामर्शियल के तीन, जन खंड का एक आवासीय के दो नियोजन के चार के अलावा यूनीफाइड पॉलिसी और अमिताभ कांत की सिफारिश है।

### ड्रेन की सफाई के लिए जाएगा प्रस्ताव

प्राधिकरण का अहम मुद्दा एसटीपी प्लांट को लेकर रहेगा। दरअसल नीरी संस्था की ओर से किए गए सर्वे में 24 ड्रेन में 8 ड्रेन का पानी एसटीपी से होकर जाता है। जबकि बाकी के लिए विकल्प तलाशने के लिए प्लान प्रस्तुत किया जाएगा। इस प्लान में ड्रेन में ही एसटीपी लगाने पर विचार होगा। इसके लिए कंपनियों को आमंत्रित किया जाएगा और वो टेक्नॉलॉजी का प्रजेंटेशन करेंगे।

### किसान कोटे की स्कीम , स्पोर्टस सिटी

इसके अलावा किसान कोटे की आवासीय भूखंड योजना 2011 , आवासीय समितियों के पक्ष में त्रिपक्षीय लीज डीड करने में आ रहे समस्या को लेकर समिति गठन, यूनीफाइड पॉलिसी 2025 के कामर्शियल, संस्थागत और औद्योगिक में आवंटन से संबंधित संशोधन को लागू करने,स्पोर्टस सिटी एससी-02 सेक्टर-150 के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन को लागू किया जाए इस पर बात होगी।

### अमिताभ कांत की सिफारिश पर चर्चा

नोएडा में ग्रुप हाउसिंग बिल्डर पर बकाया के लिए लाई गई अमिताभ कांत की सिफारिश को बंद करने की बजाए उसे लागू रहने और बिल्डर पैसा जमा करे इस पर और क्या विकल्प हो सकते है चर्चा की जाएगी। वहीं वेव मेगा सिटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सरेंडर डीड के बाद शेष भूमि करीब 1.17 लाख वर्गमीटर के एकीकृत मानचित्र पर सैद्धांतिक स्वीकृति दी जा सकती है।

# नोएडा में खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 3.50 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई विभाग द्वारा लगातार की जा रही छापेमारी और लैब में नमूने फेल पाए जाने के बाद की गई। नववर्ष के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग ने तीन दिनों तक विशेष छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान जिले के कई प्रतिष्ठित रेस्तरां पर भी कार्रवाई की गई। विभाग ने 30 स्थानों से नमूने एकत्र कर लैब भेजे और 40 लोगों को नोटिस जारी किए। खाद्य सुरक्षा आयुक्त सर्वेश कुमार ने बताया कि अप्रैल 2024 से 30 नवंबर तक की गई छापेमारी में कुल 128 मामलों में यह जुर्माना लगाया गया। उन्होंने कहा कि कई प्रतिष्ठित संस्थानों से लिए गए नमूने फेल पाए गए थे, जिसके बाद वाद दायर कर कुल 3.50 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया। छापेमारी के दौरान जिले में दूध, पनीर, मोमोज की चटनी और घी जैसे खाद्य पदार्थों में मिलावट पाई गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने दोहराया कि मिलावटखोरों के खिलाफ लगातार छापेमारी और जुर्माने की कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ न हो।

# नोएडा में दो सगे भाइयों ने 1.59 करोड़ ठगे : एक गिरफ्तार

## कामर्शियल प्लाट दिलाने के नाम पर हड़पे थी रकम



**नोएडा।** नकली अलाटमेंट लेटर, फर्जी एग्रीमेंट के जरिए अन्य कंपनियों के प्रोजेक्ट को अपना प्रोजेक्ट के बताकर धोखाधड़ी करने वाले एक जालसाज को सेक्टर 142 थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने एक व्यक्ति को कामर्शियल प्रॉपर्टी दिलाने के बहाने 1.59 करोड़ रुपए धोखाधड़ी की और जमीन भी नहीं दिलाई। पीड़ित ने अपने रुपए मांगे तो उसे धमकी देकर भगा दिया।

### प्रॉपर्टी दिलाने का दिया झांसा

मामले में पीड़ित ने सेक्टर 142 थाने में केस दर्ज कराया था। जांच के बाद पुलिस ने उसे पकड़ा है। वहीं उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एडीसीपी संतोष कुमार ने बताया कि सेक्टर 142 थाने में एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि उसे देवांश गौतम और विष्णु गौतम ने मिलकर प्रॉपर्टी दिलाने का झांसा दिया। दोनों सगे भाई है। जालसाजों ने पीड़ित को जमीन की कीमत 1.59 करोड़ रुपए बताई। साथ ही रुपए भी ले लिए लेकिन रजिस्ट्री नहीं कराया।

### दबाव बनाने पर मिली धमकी

पीड़ित दोनों भाईयों को जमीन नाम कराने के लिए दबाव बनाने लगा तो उन्हें धमकी दी गई। आरोपी रुपए भी नहीं लौटाए तो मामले में सेक्टर 142 थाने की पुलिस ने केस दर्ज किया और जांच के देवांश गौतम को गिरफ्तार कर लिया। दोनों ग्रेटर नोएडा एपक्स गोल्फ एवन्यू सोसाइटी में रहते हैं।

पुलिस ने बताया कि दोनों भाई मिलकर प्रोपर्टी खरीदवाने और बिकवाने का व्यापार करते हैं।

# शार्ट न्यूज

## ग्रेटर नोएडा में किराना स्टोर में चोरी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के कनारसी गांव में एक किराना स्टोर में चोरी की वारदात सामने आई है। चोर दुकान से करीब 75 हजार रुपए की नकदी और सामान चुराकर फरार हो गए। हैरान करने वाली बात यह रही कि चोरी को अंजाम देने के बाद चोर दुकान के अंदर शौच कर मौके से चले गए। इस घटना का खुलासा शुक्रवार सुबह हुआ, जब दुकानदार रवि नागर अपनी दुकान खोलने पहुंचे। उन्होंने देखा कि दुकान की खिड़की कटी हुई थी और अंदर सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि गल्ले से करीब 25 हजार रुपए की नकदी और लगभग 50 हजार रुपए का कीमती किराना सामान गायब था। पीड़ित दुकानदार रवि नागर ने बताया कि उन्होंने गुरुवार रात दुकान बंद की थी। रात के समय अज्ञात चोरों ने मौके का फायदा उठाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सुबह घटना की जानकारी होते ही उन्होंने तुरंत दनकौर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही दनकौर कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि चोरों की पहचान की जा सके।

## बिजली चोरी रोकने गई टीम पर पथराव

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के कनारसी गांव में शुक्रवार को बिजली चोरी रोकने गई नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। आरोप है कि 20-25 नकाबपोश ग्रामीणों ने लाठी-डंडों और पत्थरों से टीम पर हमला किया। NPCL टीम के अधिकारियों के अनुसार, हमलावरों ने टीम को घेर लिया और उन पर लाठी-डंडों से वार करने के साथ-साथ पथराव भी किया। इस अचानक हुए हमले से टीम में अफरा-तफरी मच गई और उनकी एक गाड़ी पर भी पथराव किया गया। हालात बिगड़ते देख टीम के सदस्यों ने किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद विभाग के एक अधिकारी ने दनकौर कोतवाली पहुंचकर इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। डिप्टी मैनेजर राजीव चतुर्वेदी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि टीम बिजली चोरी रोकने के लिए नियमित अभियान के तहत गांव में गई थी, लेकिन पहले से घात लगाए बैठे लोगों ने उन पर हमला कर दिया। उन्होंने कार्य में बाधा डालने और जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाया है। दनकौर पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गैस लीकेज से घर में लगी आग

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में गैस लीकेज के कारण एक घर में आग लग गई। इस हादसे में चार लोग झुलस गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना दादरी थाना क्षेत्र की एक्सकोर्ट कॉलोनी में देर शाम हुई। बुलंदशहर के अनूपशहर निवासी गंगाशरण अपने परिवार के साथ यहां किराए पर रहते हैं। उनके गैस सिलेंडर में लीकेज हो रही थी, जिसे ठीक करने के लिए उन्होंने गैस मैकेनिक सोनू को बुलाया था। शाम के समय सोनू गैस चूल्हे और सिलेंडर की जांच कर रहा था। इसी दौरान पड़ोस के घर में खाना बन रहा था। पड़ोस के घर से निकली आग की चिंगारी ने लीकेज हो रही गैस को पकड़ लिया, जिससे गंगाशरण के घर में तेजी से आग फैल गई। आग की चपेट में गंगाशरण (42), उनकी पत्नी मुनेश (40), उनका बेटा वरुण (12) और मैकेनिक सोनू आ गए। चारों गंभीर रूप से झुलस गए। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत आग पर काबू पाया और सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मैकेनिक सोनू ज्यादा झुलस गया था, जिसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। दादरी पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि गैस सिलेंडर में लीकेज के कारण घर में आग लगी थी, जिसमें चार लोग झुलसे हैं। सभी का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## नोएडा में मैंगलोर की तर्ज पर क्लॉक टावर बना

**नोएडा।** नए साल के पहले दिन प्राधिकरण ने शहरवासियों को कई सौगात दी। नोएडा को अपना पहला क्लॉक टावर मिला। इसके अलावा निवेश के जरिए रोजगार मिलेगा इसके लिए उद्यमियों को आवंटन पत्र जारी किए गए। नोएडा की सुंदरता और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुए, मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने सेक्टर 128 स्थित हाजीपुर अंडरपास के समीप नवनिर्मित क्लॉक टावर का लोकार्पण किया गया। लगभग 30 लाख रुपए की लागत से बना यह क्लॉक टावर मैंगलोर स्थित प्रतिष्ठित क्लॉक टावर की तर्ज पर बनाया गया है, जो इस क्षेत्र को एक विशिष्ट पहचान प्रदान करेगा। शहर के आर्थिक विकास को नई ऊंचाई पर ले जाते हुए, वित्तीय वर्ष 2025-26 की ई-ऑक्शन योजना के अंतर्गत 10 बड़े उद्यमियों को औद्योगिक भूखंडों के आवंटन पत्र जारी किए गए। इसमें हल्दीराम स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड, नेक्सम एनर्जी, नेलम्बो टैक्नोलॉजीज और मैसर्स डी एंड ग्रैंड सन्स जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल हैं। कुल 20,366 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के इन भूखंडों के माध्यम से नोएडा क्षेत्र में लगभग 600 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। जिससे 2,200 नए रोजगार मिलेगा। प्राधिकरण ने न केवल विकास, बल्कि मानवीय संवेदनाओं को भी प्राथमिकता दी है। अत्यधिक ठंड के दृष्टिगत, उद्यान विभाग और जन स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत लगभग 150 संविदा कर्मियों को कंबल वितरित किए गए।

## मिशन युवा शक्ति ने जरूरतमंदों को बांटे गर्म वस्त्र

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में कड़ाके की ठंड के मद्देनजर मिशन युवा शक्ति (एमवाईएससी फाउंडेशन) नामक सामाजिक संगठन ने जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र वितरित किए। यह संगठन द्वारा चलाए जा रहे गर्म वस्त्र दान अभियान का तीसरा दिन था, जिसका उद्देश्य गरीबों को राहत पहुंचाना है। यह अभियान 30 दिसंबर को शुरू हुआ था। गुरुवार को इसके तीसरे दिन संगठन के कार्यकर्ताओं ने ग्राम घरबरा के आसपास की झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले गरीब और जरूरतमंद लोगों तक गर्म कपड़े पहुंचाए। अभियान के तहत दानदाताओं से प्राप्त स्वेटर, जैकेट, कंबल और अन्य गर्म वस्त्र जरूरतमंदों को दिए जा रहे हैं। संगठन के अध्यक्ष सुमित चपरगढ़ ने बताया कि ठंड के मौसम में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए ऐसे लोगों को चिह्नित कर उन्हें गर्म वस्त्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस दिन बड़ी संख्या में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को लाभ मिला। सुमित चपरगढ़ ने समाज के सक्षम लोगों से अपील की कि वे इस मानवीय अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक जरूरतमंदों की सहायता करें, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण परेशानी में न रहे।

# ग्रेटर नोएडा में पुलिस मुठभेड़ में बदमाश घायल

## आंख में मिर्च डालकर लोगों को लूटता था, अस्पताल में भर्ती

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में इकोटेक-3 थाना पुलिस और एक शातिर बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शुक्रवार देर शाम इकोटेक-3 थाना पुलिस जलपुरा स्थित बिजली घर के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल पर आता दिखा। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह हबीबपुर की ओर तेजी से भागने लगा। पीछा करने पर युवक की मोटरसाइकिल फिसल गई। खुद को घिरा देखकर बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। घायल युवक की पहचान बिसरख थाना क्षेत्र के ग्राम बिसरख निवासी अजयनाथ के रूप में हुई है। उसके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल, लाल मिर्च का एक पैकेट, एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। सेंट्रल नोएडा के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी एक शातिर बदमाश है। वह राहगीरों की आंखों में मिर्च डालकर लूट और चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। इस बदमाश पर गौतम बुद्ध नगर, हापुड़ और सहारनपुर में लूट के आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# नोएडा में डांसिंग अल्टो का 67 हजार का चालान

**नोएडा।** नोएडा में ऑल्टो कार का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में तीन युवकों में एक ऑल्टो कार की छत, एक युवक खिड़की पर और बाकी बाहर खड़े होकर जमकर डांस कर रहे हैं। ऑल्टो कार नोएडा की रेड लाइट पर खड़ी है। पीछे की कार में मौजूद युवतियों ने इसका एक वीडियो बनाया। अब ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। करीब ढाई मिनट के वीडियो में पहले लड़के ऑल्टो कार की छत पर डांस करते हैं। तेज आवाज में म्यूजिक बज रहा है। इसी म्यूजिक पर जमकर डांस किया जा रहा है। पूरी कार ही डांसिंग कार बनी हुई दिख रही है। सभी युवक नशे में हैं। करीब डेढ़ मिनट बाद लड़का अपनी टी शर्ट उतारकर डांस करता है। कार को मोडिफाइड कराया गया। इसके टायर चेंज किए गए हैं। ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# यीडा विकसित करेगा एआई और फिनेटेक हब

## 500 एकड़ में होगा तैयार, डेटा एनालिटिक्स, डिजिटल पेमेंट्स, फिनटेक, बैंकिंग टेक्नोलॉजी कंपनियां होंगी शामिल




**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने यमुना सिटी के सेक्टर-11 में करीब 500 एकड़ भूमि को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी (फिनटेक) हब के रूप में विकसित करने का फैसला किया है। अधिकारियों के अनुसार, प्रस्तावित क्षेत्र के लिए अधिकांश भूमि का अधिग्रहण पूरा हो चुका है और अब प्राधिकरण का फोकस कंपनियों को यहां निवेश के लिए आकर्षित करने पर है।

### एआई और फिनटेक के साथ डेटा सेंटर

इस परियोजना को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए यीडा जल्द ही इच्छुक कंपनियों और डेवलपर्स से एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट आमंत्रित करेगा। इस सेक्टर एआई और फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनियों के साथ-साथ डेटा सेंटर कंपनियों को भी भूमि आवंटित की जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि एआई आधारित उद्योगों के लिए मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर, हाई रेजोल्यूशन कंप्यूटिंग सुविधाएं, एडवांस सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म और बड़े स्तर पर डेटा की आवश्यकता होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए डेटा सेंटर्स को इस हब का अहम हिस्सा बनाया गया है।

यीडा अधिकारियों के मुताबिक, सेक्टर-11 को यमुना सिटी को टेक्नोलॉजी आधारित ग्रोथ जोन के रूप में विकसित करने की योजना है।

यह पहल राज्य सरकार के उस विजन के अनुरूप है, जिसमें गौतम बुद्ध नगर को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत तकनीक आधारित उद्योगों का प्रमुख केंद्र बनाने पर जोर दिया गया है।

### इस तरह की कंपनियां आएंगी

प्रस्तावित एआई और फिनटेक हब में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स, डिजिटल पेमेंट्स, फिनटेक, बैंकिंग टेक्नोलॉजी, स्टॉक मार्केट सर्विसेज और फाइनेंशियल सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट से जुड़ी कंपनियों के आने की उम्मीद है। अधिकारियों का कहना है कि डेटा सेंटर्स की मौजूदगी से इन कंपनियों को भरोसेमंद डेटा स्टोरेज और प्रोसेसिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर मिलेगा, जिससे उनका संचालन अधिक प्रभावी हो सकेगा।

# सरकारी अस्पताल में भारत का पहला एआई क्लिनिक लॉन्च

## ग्रेटर नोएडा में ऑनलाइन उद्घाटन में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा




**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भारत के पहले सरकारी अस्पताल आधारित एआई क्लिनिक का ऑनलाइन उद्घाटन किया गया। भारत सरकार के अतिरिक्त महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएँ ने सेंटर फॉर मेडिकल इनोवेशन के तहत स्थापित इस क्लिनिक का शुभारंभ किया।

यह एआई क्लिनिक उत्तर प्रदेश के पहले सार्वजनिक अस्पताल आधारित मेडिकल इनक्यूबेटर सेंटर के माध्यम से शुरू किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य एआई आधारित हेल्थकेयर स्टार्टअप्स को वास्तविक क्लिनिकल वातावरण में अपने समाधान विकसित करने, परीक्षण करने और सत्यापित करने का अवसर प्रदान करना है।

ऑनलाइन उद्घाटन कार्यक्रम में देश-विदेश से 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें डॉक्टर, एआई स्टार्टअप्स, शोधकर्ता, नीति निर्माता और शिक्षाविद शामिल थे।

इस अवसर पर औषधि विभाग (मेडिकल डिवाइसेज़), भारत सरकार के संयुक्त सचिव भी उपस्थित रहे। उन्होंने इस पहल को चिकित्सा उपकरणों और एआई आधारित स्वास्थ्य समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मंच बताया।

GIMS के निदेशक और बाल रोग विशेषज्ञ ब्रिगेडियर (डॉ.) राकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि यह पहल हेल्थकेयर स्टार्टअप्स के लिए नए अवसर और पहुँच प्रदान करेगी। उन्होंने इसे समय की आवश्यकता बताया, जिससे नवाचार सीधे मरीजों और चिकित्सकों तक पहुँच सके।

कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ डॉ. शिवकुमार मणिकम, लीड कंसल्टेंट – पीडियाट्रिक रेडियोलॉजी, एसेक्स NHS ट्रस्ट, लंदन (यूके) सहित कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय वक्ताओं ने भाग लिया। आईआईटी कानपुर, आईआईटी मद्रास और आईआईआईटी लखनऊ जैसे प्रमुख शैक्षणिक एवं नवाचार संस्थानों की भागीदारी ने आयोजन को बहु-विषयक और वैश्विक स्वरूप दिया।

प्रतिभागियों ने सार्वजनिक अस्पताल में ऐसी एआई पहल शुरू करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की दूरदर्शिता की सराहना की और इसे देश के लिए एक अनुकरणीय मॉडल बताया।

ऑनलाइन उद्घाटन के बाद, 6 जनवरी को प्रस्तावित भौतिक (फिजिकल) लॉन्च को लेकर स्टार्टअप्स और चिकित्सकों में खास उत्साह देखा जा रहा है।

एआई क्लिनिक का उद्देश्य क्लिनिकल एआई, मेडिकल इमेजिंग, क्लिनिकल डिसीजन सपोर्ट सिस्टम, वर्कफ़्लो ऑप्टिमाइज़ेशन, पेशेंट सेफ्टी और डेटा-आधारित स्वास्थ्य समाधान विकसित करने वाले स्टार्टअप्स को सहयोग प्रदान करना है।

# ग्रेनो वेस्ट : 15वीं मंजिल से गिरकर युवक की मौत

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की आम्रपाली गोल्फ होम्स किंग्सवुड सोसाइटी में नए साल का जश्न एक युवक के लिए दुखद साबित हुआ।

बुधवार रात पार्टी के दौरान सोसाइटी की 15वीं मंजिल से गिरकर 31 वर्षीय विनीत की मौत हो गई। बिसरख कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है और युवक के दोस्तों से पूछताछ जारी है।

पुलिस के अनुसार, मृतक विनीत 15वीं मंजिल पर एक फ्लैट में किराए पर रहता था।

वह नोएडा की एक कंपनी में कार्यरत था। बुधवार रात वह अपने फ्लैट पर दोस्तों के साथ नए साल का जश्न मना रहा था।

देर रात पार्टी के दौरान विनीत संदिग्ध परिस्थितियों में 15वीं मंजिल से नीचे आ गिरा। घटना के बाद उसके दोस्त मौके से भाग निकले। सोसाइटी के लोगों ने विनीत को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने विनीत के दोस्तों का पता लगाकर उनसे पूछताछ की है।

विनीत मूल रूप से बिहार के सिवान जिले के तरवारा गांव का निवासी था। उसके परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

पुलिस सोसाइटी में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि यह पता चल सके कि विनीत के फ्लैट पर कौन-कौन लोग आए थे।

पुलिस यह भी जांच कर रही है कि विनीत खुद नीचे गिरा या उसे किसी ने धक्का दिया। संतोष कुमार, एडीसीपी सेंट्रल नोएडा ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रेटर नोएडा पुलिस ने वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में दनकौर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार शाम को यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया। यह अभियान घने कोहरे के कारण होने वाले सड़क हादसों को रोकने के उद्देश्य से चलाया गया, जिसके तहत वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कोहरे के कारण दृश्यता कम हो जाती है, जिससे आगे चल रहे वाहनों को समय पर देख पाना मुश्किल हो जाता है। इससे पीछे से टक्कर की घटनाओं में वृद्धि होती है। इसी खतरे को देखते हुए वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए, ताकि कोहरे में भी वाहन दूर से आसानी से दिखाई दे सकें। इस अभियान का नेतृत्व जगनपुर पुलिस चौकी प्रभारी वरुण कुमार ने किया, जिसमें दरोगा सुनील कुमार भी उनके साथ मौजूद थे। दोनों अधिकारियों ने पुलिस टीम के साथ मिलकर सर्विस रोड और आसपास के इलाकों में वाहन चालकों को रिफ्लेक्टर लगाने के फायदे बताए।

पुलिस ने वाहन चालकों को कोहरे के समय सावधानी बरतने, वाहन की गति धीमी रखने, हेडलाइट और इंडिकेटर का सही उपयोग करने तथा अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टर अवश्य लगाने के लिए भी जागरूक किया।

# नोएडा में नववर्ष पर 35 करोड़ की शराब बिकी

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा में नववर्ष के अवसर पर 30 और 31 दिसंबर को रिकॉर्ड तोड़ शराब की बिक्री हुई। इन दो दिनों में गौतमबुद्ध नगर में करीब 35 करोड़ रुपए की शराब बेची गई, जिसकी कुल मात्रा चार लाख लीटर से अधिक रही। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 30 और 31 दिसंबर को हुई यह बिक्री पिछले कई वर्षों के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। नए साल के जश्न के दौरान शराब की बिक्री में भारी वृद्धि दर्ज की गई, जिससे विभाग को भी अच्छा राजस्व प्राप्त हुआ। सामान्य दिनों में गौतमबुद्ध नगर में शराब की बिक्री 7 से 8 करोड़ रुपए तक होती है, जबकि सप्ताहांत पर यह आंकड़ा 12 करोड़ रुपए तक पहुंच जाता है।

# यूपी रेरा ने 417 करोड़ के प्रोजेक्ट को दी मंजूरी

## प्रदेश के पांच शहरों में होंगे प्रोजेक्ट, 1,024 आवासीय एवं व्यवसायिक यूनिट बनेंगी

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने प्रदेश में 416.94 करोड़ की अनुमानित लागत वाली 7 नई रियल एस्टेट परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान दी। इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में कुल 1,024 आवासीय एवं व्यवसायिक यूनिटों का निर्माण प्रस्तावित है। ये निर्णय रेरा की 192वीं बैठक में लिया गया।

### इन शहरों के है प्रोजेक्ट

रेरा ने प्रदेश के जिन पांच शहरों में प्रोजेक्ट की अनुमति दी उनमें नोएडा, लखनऊ, मथुरा, बरेली और मेरठ है।

जिसमें नोएडा में 181.36 करोड़ की लागत वाली 2 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। ये दोनों परियोजनाएं व्यवसायिक श्रेणी की हैं। जिनके अंतर्गत कुल 298 यूनिटों का निर्माण किया जाएगा। इससे नोएडा में बढ़ती व्यवसायिक गतिविधियों और निवेश संभावनाओं को और मजबूती मिलेगी।




मथुरा में 154.92 करोड़ की लागत वाली 2 आवासीय परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनके माध्यम से कुल 565 आवासीय यूनिटों का निर्माण होगा। यह मथुरा क्षेत्र में आवासीय सुविधाओं के विस्तार और नियोजित विकास में सहायक होंगी।

लखनऊ में 27.65 करोड़ की लागत वाली 1 व्यवसायिक परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसके अंतर्गत कुल 30 यूनिटों का निर्माण प्रस्तावित है। इससे शहर में संगठित व्यवसायिक ढांचे को बल मिलेगा।

बरेली में 24.56 करोड़ की लागत वाली 1 आवासीय परियोजना को स्वीकृति दी गई है, जिसमें कुल 106 यूनिटों का निर्माण किया जाएगा। यह परियोजना शहर में आवासीय विकास को नई गति प्रदान करेगी।

मेरठ में 28.45 करोड़ की लागत वाली 1 परियोजना को मंजूरी दी गई है, जो आवासीय एवं व्यवसायिक दोनों श्रेणियों की है। इस मिश्रित उपयोग परियोजना के अंतर्गत कुल 25 यूनिटों का निर्माण किया जाएगा, जिससे संतुलित शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
शनिवार 03 जनवरी 2026
Www.vishalindia.in

# बरखेड़ा नगर पंचायत में 17 स्थानों पर अलाव की व्यवस्था

## भ्रामक खबर को चेयरमैन ने बताया फर्जी

**पीलीभीत।** बरखेड़ा नगर पंचायत क्षेत्र में सर्दी से बचाव को लेकर अलाव व्यवस्था को लेकर फैलाई गई भ्रामक खबर को नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल ने पूरी तरह फर्जी बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर पंचायत प्रशासन द्वारा कुल 17 स्थानों पर अलाव लगाए जा रहे हैं, जो पूरी तरह जनता के हित में हैं।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि पहले से सात स्थानों पर सरकारी अलाव चिह्नित व स्वीकृत किए गए थे। इसके अतिरिक्त जनता की मांग को देखते हुए दस और स्थानों पर अलाव लगवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि घर-घर अलाव लगाना संभव नहीं है, इसी बात को तोड़-मरोड़ कर एक फर्जी खबर चलाई गई है, जिससे नगर पंचायत को बदनाम करने का प्रयास किया गया।

### इन 17 स्थानों पर लगाए जा रहे हैं अलाव

पुलिस थाना, स्टेशन रोड (कैलाश मेंबर के पास), रेलवे स्टेशन, जिला सहकारी खाद्य गोदाम, गाजीपुर कुंडा-नवाबगंज मोड़, क़ादरी मस्जिद, ब्लॉक चौराहा, मनोज मेडिकल स्टोर, शिव मंदिर, जामा मस्जिद, सरकारी अस्पताल गेट, कुमार मेडिकल के पास, पुरानी बाजार, सिद्ध बाबा मढ़ी, रैन-बसेरा, कस्तूरबा गांधी विद्यालय और आरटीआई स्कूल के पास अलाव की व्यवस्था की गई है।

चेयरमैन ने कहा कि भ्रामक खबर फैलाने वाले व्यक्ति द्वारा नगर पंचायत को गुमराह किया जा रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ नगर पंचायत द्वारा शीघ्र नोटिस जारी किया जाएगा।

### तालाब की भूमि से हटेगा अवैध कब्जा, गरजेगा बुलडोजर

नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल ने तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने बताया कि यह सरकारी तालाब है, जिसकी शीघ्र ही लेखपाल से दोबारा नाप-जोख कराई जाएगी। जहां-जहां अवैध कब्जा पाया जाएगा, वहां प्रशासन का बुलडोजर चलाकर कब्जा हटाया जाएगा और तालाब की जमीन को कब्जा मुक्त कराकर उसका सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। चेयरमैन ने कहा कि वह स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर तालाब सहित सरकारी भूमि पर हुए सभी अवैध कब्जों की जानकारी देंगे। इन मामलों की पूरी फाइल तैयार की जा चुकी है, जिसमें कब्जेदारों के नाम दर्ज हैं। मुख्यमंत्री से मिलकर सख्त कार्रवाई कराई जाएगी, ताकि सरकारी संपत्ति को अतिक्रमण मुक्त कराया जा सके।नगर पंचायत अध्यक्ष के इस रुख से क्षेत्र में अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं आम जनता ने प्रशासनिक कार्रवाई का स्वागत किया है।

### रैन-बसेरा में गरीबों और राहगीरों के लिए सुविधा

नगर पंचायत प्रशासन ने सर्दी से बचाव के लिए रैन-बसेरा में राहगीरों और गरीब असहाय लोगों के लिए रात्रि में निःशुल्क ठहरने की समुचित व्यवस्था भी की है, ताकि ठंड के मौसम में किसी को परेशानी न हो।

## पत्नी के बर्थडे पर सिपाही पति का सुसाइड

**झांसी।** झांसी से सटे मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ में एक सिपाही ने पत्नी के बर्थडे पर सुसाइड कर लिया। वह थाने से घर के लिए निकला था। रास्ते में पत्नी को फोन करके बोला- होटल में पार्टी करेंगे। मगर इसके बाद घर नहीं पहुंचा। सिपाही ने ही खुद थाने में फोन लगाकर बताया कि मैंने जहर खा लिया है। पुलिस वाले सिपाही को ट्रेस करते हुए उसके पास पहुंचे। फिर इलाज के लिए उसे अस्पताल लेकर भागे। जहां से उसको झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। यहां पर इलाज के दौरान सिपाही की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरा मामला मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ कोतवाली क्षेत्र का है। मोहनलाल (42) टीकमगढ़ के दिगौड़ा थाना क्षेत्र के बेदऊ गांव का रहने वाला था। वह मध्य प्रदेश पुलिस में हेड कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात था। फिलहाल वह टीकमगढ़ कोतवाली थाने में तैनात था। मृतक के भाई सौरभ ने बताया- मेरे बड़े भाई मोहनलाल परिवार के साथ टीकमगढ़ में ही रहते थे। उनकी नए साल पर बगाज माता मंदिर में ड्यूटी लगी थी। वहां से शाम को थाने गए। भाभी भगवती का गुरुवार को बर्थ-डे था। थाने से घर के लिए निकलने के बाद भाई ने भाभी को कॉल लगाया और बोले कि रात को होटल में पार्टी करने चलेंगे।

## 10 करोड़ की लागत से कराए गए नाला व सड़क निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण



**पीलीभीत।** प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्यो10ग राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने शुक्रवार को नगर के विभिन्न वार्डों में शासन द्वारा स्वीकृत लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से कराए गए नाला एवं सीसी रोड निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। मंत्री ने नगर पालिका परिषद द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए इसे नगर के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बताया।

नगर पालिका प्रशासन द्वारा प्राचीन बड़ा देवी मंदिर परिसर में आयोजित लोकार्पण समारोह में राज्य मंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना एवं 15वें वित्त आयोग योजना के अंतर्गत नगर के वार्ड संख्या 1, 5, 6, 7, 8, 11, 13, 14, 15, 16 व 17 सहित एक दर्जन से अधिक वार्डों में कराए गए कुल 29 नाला व सीसी रोड निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि वर्ष 2025 में बीसलपुर नगर पालिका प्रशासन ने सर्वाधिक निर्माण कार्य कराकर एक नया इतिहास रचा है। पालिका अध्यक्ष के कुशल नेतृत्व में नगर में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे आमजन को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं।

अधिशासी अधिकारी शमशेर सिंह ने बताया कि लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से कुल 29 निर्माण कार्य पूर्ण कराए गए हैं, जिनसे नगर की जलनिकासी एवं यातायात व्यवस्था में सुधार होगा।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष शशि जायसवाल, अध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जायसवाल, सभासद आशु भारद्वाज, आशीष सक्सेना, रितेश अग्रवाल, विमल वाल्मीकि, रामगोपाल गुप्ता, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल, युवा इकाई जिला अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, एसआरएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश कुमार सहित पालिका के कई अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## शार्ट न्यूज

### हेल्प लाइन नंबरों की दी जानकारी

**ललितपुर।** माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की ।विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सख्त हिदायत दी गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

### दरोगा को जूते मारने की धमकी देने वाला सिपाही निलंबित

**बदायूं।** बदायूं के बिनावर थाने में दरोगा को धमकी देने के आरोप में एक सिपाही को निलंबित कर दिया गया है। एसएसपी ने सीओ सिटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की। अब इस पूरे मामले की विभागीय जांच सीओ उझानी को सौंपी गई है। यह घटना 31 दिसंबर की रात बिनावर थाने में हुई थी। दरोगा सतपाल सिंह ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया था कि सिपाही त्रिवेश गंगवार ने नशे की हालत में उनके साथ बदसलूकी की, गाली-गलौज की और मारपीट करने की धमकी दी। सिपाही ने कहा था कि वो अंडर ट्रांसफर है या तो कल तक उसकी रवानगी करा दे वरना उसके जूते खाए दरोगा के अनुसार, यह घटना तब हुई जब वे थाने के कार्यालय में ड्यूटी पर थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी डॉ. बृजेश सिंह ने तत्काल इसकी जांच सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय को सौंपी थी। सीओ सिटी ने बिनावर थाने पहुंचकर आरोपी सिपाही त्रिवेश गंगवार, शिकायतकर्ता दरोगा सतपाल सिंह और घटना के समय मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों के बयान दर्ज किए। जांच पूरी होने के बाद सीओ सिटी ने अपनी रिपोर्ट एसएसपी को सौंप दी।

### दुष्कर्म दोषी को 20 साल का कठोर कारावास

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ में नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) पारुल वर्मा ने आरोपी समीर अहमद को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने उसे 20 वर्ष के कठोर कारावास और एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायालय ने आदेश दिया है कि अर्थदंड की यह राशि पीड़िता को उसके चिकित्सीय और मानसिक आघात की क्षतिपूर्ति तथा पुनर्वास के लिए प्रदान की जाएगी। राज्य की ओर से इस मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक निर्भय सिंह ने की। मुकदमे के वादी के अनुसार, यह घटना 14 जुलाई 2024 की रात लगभग 2: 00 से 3: 00 बजे के बीच हुई थी। आरोपी समीर अहमद ने वादी की 17 वर्षीय भतीजी को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा लिया था। पीड़िता के पास उस समय एक मोबाइल फोन था, जो बाद में बंद हो गया। पीड़िता ने न्यायालय में दिए अपने बयान में बताया कि आरोपी उससे मीठी-मीठी बातें कर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाता था।

### रेप के आरोपी को 10 वर्ष की सजा

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले में नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर अपहरण करने तथा दुष्कर्म करने के मुकदमे में सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने एक आरोपी को दस वर्ष के सश्रम कारावास तथा पंद्रह हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। यह फैसला पॉक्सो कोर्ट के जज संतोष कुमार यादव ने शुक्रवार को सुनाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार तहबरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में 2 अप्रैल 2021 को आरोपी अजय पाल गांव की ही एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। आरोपी अजय पाल ने डेढ़ महीने तक पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने जांच पूरी करने के बाद आरोपी के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में प्रेषित किया। अभियोजन पक्ष की तरफ से विशेष लोक अभियोजक अवधेश कुमार मिश्रा तथा दौलत यादव ने कुल सात गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी अजय पाल को दस वर्ष के सश्रम कारावास तथा पंद्रह हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

### जौनपुर जेल में बंदी रक्षक निलंबित

**जौनपुर।** जौनपुर जिला कारागार में ड्यूटी के दौरान शराब पीकर हंगामा करने के आरोप में एक बंदी रक्षक को निलंबित कर दिया गया है। जेल प्रशासन ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक, बंदी रक्षक अजीत कुमार वर्मा ड्यूटी पर रहते हुए नशे की हालत में गाली-गलौज करने लगा। उसके हंगामे के कारण कारागार परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए देर रात करीब 10 बजे बंदी रक्षक को जिला चिकित्सालय ले जाया गया। चिकित्सकीय परीक्षण में डॉक्टर ने अपनी रिपोर्ट में उसके मुंह से शराब और गुटखे की गंध आने की पुष्टि की। जेल अधीक्षक पवन त्रिवेदी ने बताया कि ड्यूटी के दौरान नशे की हालत में गाली-गलौज करने के आरोप में संबंधित सिपाही के खिलाफ कार्रवाई के लिए पत्र भेजा गया था। प्रारंभिक जांच के बाद उसे निलंबित कर दिया गया है और आगे की विभागीय कार्रवाई जारी रहेगी। जेल अधीक्षक ने यह भी स्पष्ट किया कि कारागार में किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी हरकत करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सीतापुर में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**महमूदाबाद।** सीतापुर के महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के भिटौरा गांव में शुक्रवार सुबह एक 20 वर्षीय युवक का शव उसके घर के छप्पर में फांसी के फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान नागेश्वर के पुत्र सतीश के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि सतीश बीती रात घर पर ही था। सुबह लगभग 9 से 10 बजे के बीच उसकी मां नीलम देवी बकरियों की देखरेख के लिए बाहर गई थीं। जब वह लौटीं, तो उन्होंने सतीश को छप्पर में फांसी पर लटका देखा। परिजनों ने तत्काल शव को नीचे उतारा और दरवाजे के पास रख दिया। घटना की सूचना परिजनों ने महमूदाबाद कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, युवक की आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### कानपुर में वैन और ऑटो में भीषण टक्कर

**कानपुर।** घाटमपुर क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कानपुर-सागर हाईवे स्थित रिंद नदी पुल पर ओमिनी वैन और वैन ऑटो की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में ऑटो और वैन में सवार करीब आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों वाहन तेज रफ्तार में थे। रिंद नदी पुल पर अचानक आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और कुछ देर के लिए यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही घाटमपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को वाहनों से बाहर निकलवाया और एंबुलेंस के जरिए सभी घायलों को बिधनू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेजा गया। जहां डॉक्टर ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया। हालत गंभीर होने पर कुछ घायलों को बेहतर इलाज के लिए कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## रानीगंज नहर पुलिया के पास बाघ ने किया नीलगाय का शिकार, ग्रामीणों में दहशत

**पीलीभीत।** जनपद के सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र स्थित रानीगंज नहर पुलिया के समीप बाघ की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बीते एक सप्ताह से क्षेत्र में बाघ की चहलकदमी देखी जा रही थी, लेकिन बीती रात बाघ द्वारा एक नीलगाय का शिकार किए जाने के बाद ग्रामीणों का भय और बढ़ गया है। शनिवार सुबह नहर किनारे झाड़ियों में नीलगाय का अधखाया हुआ शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। नहर पुलिया के आसपास और झाड़ियों में बाघ के ताजे पगचिन्ह साफ दिखाई दिए, जिससे उसकी मौजूदगी की पुष्टि हुई। ग्रामीणों का कहना है कि बाघ खेतों और आबादी वाले इलाकों के बेहद नजदीक घूम रहा है। इस कारण लोग सुबह और शाम खेतों पर जाने से कतरा रहे हैं। कई किसानों ने अपनी फसलों की रखवाली भी बंद कर दी है, जिससे उन्हें भारी नुकसान की आशंका सता रही है। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र का निरीक्षण किया। टीम ने बाघ के पगचिन्हों का परीक्षण कर उसकी गतिविधियों पर निगरानी शुरू कर दी है। वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को सतर्क रहने, अकेले बाहर न निकलने तथा बच्चों को घर से दूर न भेजने की सलाह दी गई है। साथ ही संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ा दी गई है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए टीमें अलर्ट मोड पर हैं। वहीं, बाघ की मौजूदगी को लेकर ग्रामीणों में भारी भय व्याप्त है और वे जल्द से जल्द ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि क्षेत्र में सामान्य जनजीवन बहाल हो सके।

## सड़क सुरक्षा माह और नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान शुरू

**आगरा।** सड़क हादसों में बढ़ती मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने जनवरी माह में दो अहम अभियान शुरू किए हैं। एक ओर 1 से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान को सख्ती से लागू किया गया है। दोनों अभियानों का मकसद लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक कर हादसों में जान गंवाने वालों की संख्या कम करना है। सड़क सुरक्षा माह का उद्घाटन उप परिवहन आयुक्त विदिशा सिंह ने संभागीय परिवहन कार्यालय स्थित सारथी भवन में किया। इस अवसर पर एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार अग्रवाल ने बताया कि यह अभियान शहर के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों में भी चलाया जाएगा।

## जिला उद्यान अधिकारी ने कोल्ड स्टोरेजों का किया निरीक्षण, 2026 के लिए नवीनीकरण के निर्देश



**पीलीभीत।** जनपद में आलू भंडारण की व्यवस्थाओं को लेकर जिला उद्यान अधिकारी मृत्युंजय सिंह ने शुक्रवार को उद्यान निरीक्षक प्रभारी फूल कुमार के साथ विभिन्न कोल्ड स्टोरेजों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शीतगृहों की भंडारण क्षमता, स्वच्छता, तकनीकी व्यवस्थाओं एवं अभिलेखों का गहनता से जायजा लिया। जिला उद्यान अधिकारी ने मै. निर्मल कोल्ड स्टोरेज पीलीभीत, मै. श्याम कोल्ड स्टोरेज पीलीभीत तथा मै. गर्ग शीतगृह पूरनपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय शीतगृह संचालकों से वर्ष 2025 में किए गए आलू भंडारण की स्थिति की जानकारी ली गई। अधिकारियों को बताया गया कि वर्ष 2025 में भंडारित किए गए आलू की शत-प्रतिशत निकासी शीतगृह स्वामियों द्वारा पूर्ण कर ली गई है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। जिला उद्यान अधिकारी ने इसे संतोषजनक बताया। इसके साथ ही उन्होंने वर्ष 2026 के आलू भंडारण को ध्यान में रखते हुए सभी शीतगृह स्वामियों को समय से नवीनीकरण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान शीतगृहों में पाई गई कमियों को तत्काल दूर करने के लिए भी कहा गया, ताकि आगामी भंडारण सत्र में किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। जिला उद्यान अधिकारी ने स्पष्ट किया कि शीतगृहों की व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमों का पालन न करने पर कार्रवाई की जाएगी।

## जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के जनता दरबार में सबको मिल रहा है त्वरित न्याय

### शिकायत मिलते ही सीधे सम्बंधित अधिकारी को लाइन पर लेकर करा रहे हैं निस्तारण



**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की दैनिक जनसुनवाई में गरीब, असहाय, जरुरतमंद और किसानों सहित सभी वर्गों को उनकी समस्याओं का त्वरित व स्थायी समाधान मिल रहा है, उनके कुशल मार्गदर्शन, दूरदर्शी नेतृतव व त्वरित निर्देशन से ललितपुर की जनता को अपनी समस्या के समाधान के लिए अब यहां-वहां भटकना नहीं पड़ता है, जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत प्रस्तुत करते ही वे सीधे सम्बंधित अधिकारी को लाइन पर लेते हैं और समस्या का त्वरित निस्तारण कराते हैं। इसी श्रंखला में शुक्रवार को कुछ फरियादी जिलाधिकारी के समक्ष आये और अपनी समस्या उनके सामने रखी, जिसमें जाखलौन निवासी शिकायतकर्ताओं ने गांव में 10वी पास बच्चों के पंचायत के माध्यम से जन्म प्रमाण पत्र न बनाये जाने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को फोन पर निर्देश दिये कि सम्बंधित पंचायत सहायक के माध्यम से जन्म प्रमाण पत्र निर्गत कराकर सूचित करें। इसके उपरान्त मौके पर उपस्थित पंचायत सचिवों के समूह को जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि 1 जनवरी को जनपद के ग्रामों में जो चक व सम्पर्क मार्गों का कार्य शुरु हुआ है, उसे त्वरित गति से पूर्ण करायें। ग्राम पड़वा, तहसील महरौनी निवासी शिकायकत्री ने उनकी जमीन पर विपक्षियों द्वारा अवैध निर्माण की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी महरौनी को दूरभाष पर उक्त भूमि पर अवैध निर्माण रोकने और जमीन की पैमाइश कराने के निर्देश दिये। ग्राम मसौरा के ग्रामीणों की चकबंदी सम्बंधी शिकायत पर जिलाधिकारी ने मौके पर ही जिला चकबंदी अधिकारी को बुलाकर समस्या का समाधान करने व अन्य शिकायतों में मौके पर जाकर निस्तारण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान कुछ किसान संगठनों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि ग्राम गदयाना में फसल बीमा योजनान्तर्गत किसी को भी क्षतिपूर्ति की धनराशि नहीं मिली है, साथ ही अन्य ग्रामों में मटर के स्थान पर गेंहू की फसल का बीमा किया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने उप निदेशक कृषि को फोन पर निर्देश दिये कि सम्बंधित बीमा कम्पनी से समन्वय कर त्रुटियों में सुधार करायें और गदयाना में सर्वे कराकर क्षतिपूर्ति राशि दिलाना सुनिश्चित करें। इसी दौरान पत्रकारगणों ने अवगत कराया कि ठण्ड के कारण जिला प्रशासन द्वारा विद्यालयों में छुट्टी के आदेश दिये गए हैं, परन्तु कुछ प्राईवेट विद्यालय अभी भी इस आदेश का उल्लंघन कर रहे हैं, इस पर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दूरभाष पर निर्देशित किया कि सरकारी आदेश न मानने वाले विद्यालयों को नोटिस जारी करें।

## सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार



**ललितपुर।** जाखौरा पुलिस ने सोशल मीडिया पर धर्म विशेष के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में सोशल मीडिया के माध्यम से किसी व्यक्ति/समाज/जाति के विरुद्ध आपत्तिजनक, अभद्र अथवा अपमानजनक टिप्पणी करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना जखौरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-253/2025 धारा धारा 351(3)/352 बीएनएस व 3(1)द,ध/3(2)5 क Sc/St Act से सम्बंधित अभियोग में अभियुक्त सोनू राजा पुत्र गुलाब सिंह उम्र करीब 25 वर्ष नि0ग्राम लालौन थाना जखौरा ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई । गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वैश उ.नि. विनोद कुमार हे. का. अरविन्द कुमार थाना जखौरा ।सोशल मीडिया पर किसी भी व्यक्ति, समाज, जाति या वर्ग के विरुद्ध आपत्तिजनक, अभद्र, अपमानजनक या जाति सूचक टिप्पणी करना दण्डनीय अपराध है ।

## एसपी ने साप्ताहिक परेड की ली सलामी, पुलिस लाइन का किया निरीक्षण



**ललितपुर।** एसपी ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी ली। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी परेड का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड तथा तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया ।तत्पश्चात रिज़र्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं जैसे- शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कन्ट्रोल रुम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की गई । डायल-112 के PRV वाहनों निरीक्षण किया गया । निरीक्षण को दौरान वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई ।पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया ।

## पत्नी को वापस दिलाने के लिए युवक ने पुलिस से लगाई गुहार

**बीसलपुर।** नगर के एक मोहल्ला निवासी युवक ने अपनी पत्नी को वापस दिलाने के लिए कोतवाली पुलिस से गुहार लगाई है। युवक ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि लगभग दो वर्ष पूर्व मोहल्ले के ही एक युवक के बहकावे में आकर उसकी पत्नी घर छोड़कर उसके साथ रहने लगी। पीड़ित का आरोप है कि जब उसने पत्नी को घर वापस चलने के लिए कहा तो आरोपी युवक ने उस पर हमला कर घायल कर दिया। इस मामले में न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। पीड़ित का कहना है कि मुकदमे में समझौता करने के लिए आरोपी लगातार दबाव बना रहा है। आरोप है कि आरोपी ने पत्नी को वापस दिलाने का लालच देकर उससे कुछ कागजातों पर हस्ताक्षर व अंगूठा लगवा लिया, लेकिन इसके बावजूद पत्नी को वापस नहीं कर रहा है। पीड़ित युवक ने पुलिस से आरोपी के चंगुल से पत्नी को मुक्त कराकर उसे सौंपने की मांग की है।

## यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया जागरूक अभियान



**ललितपुर।** यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता व सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाने और दुर्घटनाओं को कम करने के लिए अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता अभियान चलाया गया ।

उक्त अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों, वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को यातायात नियमों के पालन के संबंध में जागरूक किया गया । अभियान के दौरान विशेष रूप से निम्न बिंदुओं पर जागरूकता प्रदान की गई। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य प्रयोग चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाने के नियम का पालन रॉन्ग साइड ड्राइविंग न करने एवं निर्धारित दिशा में ही वाहन चलाने की अपील कोहरे के समय वाहन धीमी गति से चलाएं तथा आगे चल रहे वाहन से पर्याप्त सुरक्षित दूरी बनाए रखें । वाहन चलाते समय हेडलाइट, फॉग लाइट एवं रिफ्लेक्टर का सही प्रयोग करें, हाई बीम का अनावश्यक उपयोग न करें तथा दृश्यता कम होने पर सावधानीपूर्वक वाहन संचालित करें। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यह भी जागरूक किया जा रहा है कि नशे की हालत में वाहन चलाना गंभीर अपराध है, जिससे न केवल चालक बल्कि अन्य राहगीरों के जीवन को भी खतरा उत्पन्न होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### वेस्ट बैंक में फलस्तीनी घरों पर चला बुलडोजर, लोग बेघर

**येरूशलम, एजेंसी।** वेस्ट बैंक के नूर शम्स शरणार्थी शिविर में बुधवार को फलस्तीनी अपने घरों को इस्राइली बुलडोजरों से टूटते हुए देखते रहे। यह कार्रवाई इस्राइली सेना की उस मुहिम का हिस्सा है, जो करीब एक साल से उत्तरी वेस्ट बैंक के शरणार्थी शिविरों में चल रही है। मानवाधिकार संगठनों के मुताबिक, इस अभियान के दौरान नूर शम्स, जेनिन और तुलकरम शिविरों में अब तक 850 से ज्यादा इमारतें पूरी तरह ढहाई जा चुकी हैं या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई हैं। हजारों लोगों को अपने घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है और वे रिश्तेदारों के यहां या किराये के मकानों में रहने को मजबूर हैं। सेना ने वेस्ट बैंक के शरणार्थी शिविरों में कई घरों को गिरा दिया। बुलडोजर कार्रवाई के चलते हजारों फलस्तीनी परिवारों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं। लोग इस कार्रवाई को दर्दनाक और अन्यायपूर्ण बता रहे हैं। इस्राइल का कहना है कि यह कार्रवाई हथियारबंद समूहों के खिलाफ है और सेना के रास्ते साफ करने के लिए घर तोड़े जा रहे हैं। हालांकि स्थानीय लोग इसे घरों और यादों के उजड़ने का दर्द बता रहे हैं।

### भारत-ब्राजील के संबंधों में जुड़ेगा नया अध्याय फरवरी में आएंगे राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला

**ब्राज़िलिया, एजेंसी।** भारत के साथ आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा फरवरी के दूसरे सप्ताह में नई दिल्ली की महत्वपूर्ण यात्रा पर आ रहे। सबसे खास बात है कि लूला के साथ ब्राजील का अब तक का सबसे बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल आएगा, जो एशिया में ब्राजील की बढ़ती दिलचस्पी का स्पष्ट संकेत है। दोनों देशों ने आपसी व्यापार को 1.8 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। ब्राजील के उद्योगपतियों के लिए भारत ड्रीम मार्केट बन चुका है। इस दौरे का मुख्य फोकस उर्वरक, कृषि तकनीक, दलहन, कपास और पोल्ट्री जैसे क्षेत्रों पर रहेगा। ब्राजील को भारत में न केवल एक विशाल उपभोक्ता बाजार दिखता है, बल्कि उच्च तकनीक और निवेश के नए अवसर भी नजर आ रहे हैं। व्यापार से इतर प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति लूला के बीच संस्कृति, पर्यटन और खेल जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी है। मर्कोसुर-भारत व्यापार समझौते के विस्तार पर भी काम चल रहा है, जो न केवल टैरिफ कम करेगा बल्कि व्यापार की अन्य बाधाओं को भी दूर करेगा। यह यात्रा दक्षिण-दक्षिण सहयोग के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हो सकती है।

### अमेरिका : गलत सजा काट रहे शख्स को मिली माफी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के मिसिसिपी राज्य में एक व्यक्ति को उसकी सजा अवैध पाए जाने के बाद राज्यपाल ने माफी दे दी है। यह फैसला उसके भाई को इसी तरह की राहत मिलने के कुछ हफ्तों बाद आया। मॉरिस टेलर को तय कानून से कहीं ज्यादा सजा दी गई थी। राज्यपाल टेट रीव्स ने कहा कि कानून के मुताबिक यह सजा गलत थी और न्याय के हित में उसे रिहा किया जा रहा है। आदेश के अनुसार मॉरिस टेलर को पांच दिन के भीतर जेल से छोड़ा जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि अगर किसी एक व्यक्ति के साथ भी अन्याय होता है, तो यह पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है।

### सीरिया : नए साल की पूर्व संध्या पर आत्मघाती हमला, एक पुलिसकर्मी की मौत

अलेप्पो, एजेंसी। सीरिया के उत्तरी शहर अलेप्पो में नए साल की पूर्व संध्या पर हुए आत्मघाती हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। सरकारी मीडिया के अनुसार, आंतरिक सुरक्षा बलों की एक टीम बाब अल-फराज इलाके में संदिग्ध को पकड़ने की कोशिश कर रही थी, तभी उसने खुद को विस्फोट से उड़ा लिया। अलेप्पो के गवर्नर ने बताया कि पुलिसकर्मी नए साल के जश्न की सुरक्षा में तैनात थे। एक अधिकारी ने हमलावर को रोकने की कोशिश की, लेकिन उसी दौरान विस्फोट हो गया। अधिकारियों ने कहा कि हालात काबू में हैं। आशंका जताई जा रही है कि हमलावर एक ईसाई बहुल इलाके में घुसने की कोशिश कर रहा था।

### थाईलैंड ने 18 कंबोडियाई युद्धबंदियों को किया रिहा

**बैंकाक, एजेंसी।** थाईलैंड ने बुधवार को कंबोडिया के 18 युद्धबंदियों को रिहा कर दिया। यह कदम दोनों देशों के बीच सीमा पर जारी खूनी संघर्ष को खत्म करने के लिए हुए संघर्ष विराम समझौते के तहत उठाया गया है। इन सैनिकों को चंतबुरी और पैलिन प्रांत के बीच स्थित सीमा चौकी पर रिहा किया गया। थाई विदेश मंत्रालय ने इसे विश्वास बहाली और मानवीय सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बताया है। वहीं, कंबोडिया ने कहा कि इस कदम से शांति और स्थिरता का माहौल बनेगा।

# भारतवंशी जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के पहले मुस्लिम मेयर बने

## कुरान पर हाथ रखकर शपथ ली, न्यूयॉर्क के इतिहास में ऐसा पहली बार

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** भारतीय मूल के जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के पहले मुस्लिम मेयर बन गए हैं। उन्होंने गुरुवार को कुरान पर हाथ रखकर पद की शपथ ली। अब तक न्यूयॉर्क सिटी के अधिकतर मेयर बाइबिल पर हाथ रखकर शपथ लेते रहे हैं। हालांकि संविधान के तहत शपथ के लिए किसी धार्मिक ग्रंथ का इस्तेमाल अनिवार्य नहीं है। 34 साल के डेमोक्रेट ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के पहले मुस्लिम, पहले दक्षिण एशियाई और पहले अफ्रीका में जन्मे मेयर हैं।

ममदानी ने न्यूयॉर्क के सिटी हॉल के नीचे स्थित एक बंद पड़े सबवे स्टेशन में शपथ ली। यह एक प्राइवेट समारोह था, जिसमें ममदानी का परिवार शामिल हुआ। इसके बाद दोपहर में एक सार्वजनिक शपथ ग्रहण समारोह होगा। ममदानी ने दो कुरानों पर हाथ रख कर शपथ ली। इनमें एक उनके दादा की कुरान और दूसरी जेब में रखी जाने वाली छोटी कुरान थी। कहा जा रहा है कि पॉकेट साइज कुरान 18वीं सदी के अंत या 19वीं सदी की की है। यह कुरान न्यूयॉर्क पब्लिक लाइब्रेरी के शॉम्बर्ग सेंटर फॉर रिसर्च इन ब्लैक कल्चर के संग्रह का हिस्सा है।



**दूसरी बार शपथ में अपने दादा-दादी की कुरान का इस्तेमाल करेंगे** : दूसरे शपथ ग्रहण समारोह में ममदानी अपने दादा और दादी, दोनों की कुरानों का इस्तेमाल करेंगे। इन कुरानों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है। शपथ ग्रहण के लिए कुरान का चयन ममदानी की पत्नी रमा दुवाजी ने किया है। इस काम में उनकी मदद करने वाली एक स्कॉलर के अनुसार, शपथ के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले ये कुरान शहर की बड़ी और लंबे समय से मौजूद मुस्लिम आबादी को दर्शाता है।

बता दें कि चुनाव अभियान के दौरान ममदानी ने महंगाई को प्रमुख मुद्दा बनाया था। साथ ही उन्होंने अपने धार्मिक विश्वास भी खुलकर सामने रखे। उन्होंने शहर के मस्जिदों का दौरा किया और पहली बार मतदान करने वाले कई दक्षिण एशियाई और मुस्लिम मतदाताओं का समर्थन हासिल किया।

**शपथ में इस्तेमाल होने वाली कुरान का इतिहास :** शॉम्बर्ग सेंटर में मौजूद पॉकेट साइज कुरान अश्वेत प्यूर्टो रिकन इतिहासकार आर्तुरो शॉम्बर्ग के संग्रह का हिस्सा थी। यह स्पष्ट नहीं है कि यह कुरान ममदानी के पास कैसे पहुंची, लेकिन स्कॉलर्स का मानना है कि यह अमेरिका और अफ्रीका में इस्लाम और अश्वेत संस्कृतियों के ऐतिहासिक संबंधों में उनकी रुचि को दर्शाती है। यह कुरान सादे डिजाइन की है। कुरान पर गहरे लाल रंग की जिल्द लगी है और फूलों की आकृति बनी है। अंदर काले-लाल स्याही में लिखा गया है। इससे पता चलता है कि इसे सिर्फ प्रदर्शनी के लिए नहीं, बल्कि रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए बनाया गया था। चूंकि कुरान पर तारीख या लेखक का नाम नहीं है, इसलिए इसकी उम्र का अनुमान इसके लेखन और जिल्द के आधार पर लगाया गया। माना जाता है कि यह उस्मानी दौर में, 18वीं सदी के अंत या 19वीं सदी की शुरुआत में तैयार हुई, उस क्षेत्र में जो आज के सीरिया, लेबनान, इजराइल, फिलिस्तीनी इलाके और जॉर्डन में शामिल है। न्यूयॉर्क पब्लिक लाइब्रेरी की क्यूरेटर हिबा आबिद के अनुसार, इस कुरान की न्यूयॉर्क तक की यात्रा ममदानी के बैकग्राउंड से मेल खाती है। ममदानी भारतीय मूल के न्यूयॉर्कवासी हैं, जिनका जन्म युगांडा में हुआ, जबकि उनकी पत्नी अमेरिकी-सीरियाई हैं।

**4 नवंबर 2025: ममदानी ने न्यूयॉर्क मेयर चुनाव जीतकर इतिहास रचा :** ममदानी ने 4 नवंबर को न्यूयॉर्क शहर के मेयर का चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया था। ममदानी पिछले 100 सालों में न्यूयॉर्क के सबसे युवा, पहले भारतवंशी और पहले मुस्लिम मेयर हैं। ममदानी मानसून वेडिंग और सलाम बॉम्बे जैसी फिल्में डायरेक्ट करने वाली भारतीय मूल की मीरा नायर के बेटे हैं। अपनी विक्ट्री स्पीच में उन्होंने जवाहरलाल नेहरू के 15 अगस्त, 1947 की आधी रात को दिए गए 'ट्रिस्ट विद डेस्टिनी' का जिक्र किया था।

## वॉरेन बफेट रिटायर: 60 साल बाद एक युग का अंत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** दुनिया के सबसे सफल एवं ताकतवर निवेशकों में शुमार और मार्केट गुरु वॉरेफ बफेट ने 60 साल बाद अपनी कंपनी बर्कशायर हैथवे के सीईओ पद से हटने की घोषणा कर चौंका दिया।?बुधवार बतौर बर्कशायर हैथवे सीईओ उनका आखिर दिन था। ओरेकल ऑफ ओमाहा के नाम से विख्यात 95 वर्षीय बफेट के रिटायर होने के साथ?ही अमेरिकी पूंजीवाद को खड़ा करने वाले एक ऐतिहासिक युग का अंत हो गया।

दिलचस्प बात यह है कि अमीरों की सूची में लंबे समय तक शीर्ष में बने रहने वाले बफेट ने कोई भी बड़ा उद्योग खड़ा नहीं किया, बल्कि अपनी परख के दम पर सिर्फ कंपनियों में निवेश कर दुनिया में बड़ा मुकाम हासिल किया। आज बर्कशायर हैथवे के पास सैकड़ों कंपनियां हैं। इनमें इंश्योरेंस कंपनी गीको, बैटरी बनाने वाली कंपनी ड्यूरासेल और रेस्टोरेंट चेन डेयरी क्वीन शामिल हैं।

**कभी पैसा न खोएं:** इसका अर्थ है जोखिम प्रबंधन। निवेश करने से पहले यह देखें कि नीचे गिरने की आशंका कितनी है।?अगर मूलधन सुरक्षित है, तो मुनाफा अपने आप आएगा।

**सर्कल ऑफ कॉम्पिटेंस में रहें:** बफेट कहते हैं कि आपको हर चीज का विशेषज्ञ होने की जरूरत नहीं है। बस यह पता होना चाहिए कि आप क्या जानते हैं और क्या नहीं। उन्हीं व्यवसायों में निवेश करें, जिन्हें



आप समझते हैं।

**लंबी अवधि के लिए निवेश करें:** बफेट मानते हैं कि अगर आप किसी स्टॉक को 10 साल तक रखने को तैयार नहीं हैं, तो उसे 10 मिनट के लिए भी न खरीदें। कंपाउंडिंग की ताकत पर भरोसा करें। धन धीरे-धीरे बढ़ता है, रातों-रात नहीं।

**वैल्यू और प्राइस का अंतर समझें:** वैल्यू इन्वेस्टिंग के जनक के मुताबिक, प्राइस वह राशि है, जो आप चुकाते हैं। वैल्यू वह गुणवत्ता या फायदा है, जो आपको मिलता है।

**अब ग्रेग संभालेंगे 36 लाख करोड़ की तिजोरी :** ग्रेग एबल नए साल की शुरुआत यानी गुरुवार से बर्कशायर हैथवे के विशाल साम्राज्य को संभालेंगे। 62 साल के एबल पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और पिछले कई दशकों से बर्कशायर के बैकस्टेज हीरो रहे हैं। बफेट उन्हें अपनी ऊर्जा मशीन कहते हैं। 1.09 लाख करोड़ डॉलर के नेटवर्थ वाली कंपनी बर्कशायर के तिजोरी में इस वक्त करीब 400 अरब डॉलर (करीब 35.9 लाख करोड़ रुपये) की भारी-भरकम नकदी पड़ी है। मुसीबत यह है कि जब तक ब्याज दरें ज्यादा थीं।

## बीएनपी ने लगाया बड़ा इल्जाम, कहा- शेख हसीना की वजह से गई खालिदा जिया की जान

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के निधन के बाद अब उनकी पार्टी BNP ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर बहुत बड़ा इल्जाम लगा दिया है। बीएनपी ने बुधवार को आरोप लगाते हुए कहा है कि शेख हसीना को पार्टी चेयरपर्सन बेगम खालिदा जिया की मौत की जिम्मेदारी से मुक्त नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि लंबी बीमारी के बाद 80 वर्षीय खालिदा जिया का मंगलवार को निधन हो गया था। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक बीएनपी स्थायी समिति के सदस्य नजरुल इस्लाम खान ने जातीय संसद भवन के साउथ प्लाजा में खालिदा जिया के अंतिम संस्कार से पहले उन्हें याद करते हुए शेख हसीना पर इस तरह के आरोप लगाए। नजरुल लंबे समय से खालिदा जिया के राजनीतिक सहयोगी रहे थे।

अंतिम संस्कार से पहले उन्होंने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस, बांग्लादेशी सशस्त्र बलों के प्रमुख और कई राजनीतिक दलों के नेता के सामने पार्टी की ओर से एक लिखित बयान पढ़ा। इस बयान में नजरुल इस्लाम खान ने कहा कि खालिदा जिया को 8 फरवरी, 2018 से दो साल से ज्यादा समय तक एक झूठे मामले में जेल में रखा गया था और इस दौरान सही इलाज ना मिलने के कारण उनकी सेहत बहुत ज्यादा खराब हो गई। उन्होंने कहा, 'पूरे देश ने देखा कि जो नेता खुद चलकर जेल गई थीं, वह एकांत कारावास से गंभीर रूप से बीमार होकर निकलीं।' नजरुल ने आगे कहा कि डॉक्टरों ने बताया कि अगले चार सालों की नजरबंदी के दौरान उनकी हालत और खराब हो गई क्योंकि उन्हें विदेश में इलाज कराने की इजाजत नहीं दी गई। उन्होंने कहा, 'इसका नतीजा तब हुआ कि इस महान नेता की आखिरकार मौत हो गई। इसलिए, फासीवादी हसीना को इस मौत की ज़िम्मेदारी से कभी भी मुक्त नहीं किया जा सकता। इससे पहले बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और तीन दशकों से अधिक समय तक देश की राजनीति में एक प्रभावशाली व्यक्तित्व रहीं बेगम खालिदा जिया का बुधवार को अंतिम संस्कार किया गया। जिया का जन्म 1945 में भारत के वर्तमान पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में हुआ था।

## चुनाव से पहले बीएनपी के सामने जमात की पेशकश, जनमत सर्वेक्षण में दोनों दल करेंगे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में किसी वक्त प्रतिबंध का शिकार रह चुकी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी इस बार फरवरी में हो रहे चुनावों में देश की प्रमुख राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी बनने जा रही है। जनमत सर्वेक्षणों से पता चलता है कि जमात-ए-इस्लामी लगभग 17 वर्षों में पहली बार चुनाव लड़ रही है और इस चुनाव में वह बीएनपी के बाद दूसरे स्थान पर रहेगी। जमात का कहना है कि फरवरी में चुनाव के बाद पार्टी मिलीजुली सरकार के लिए तैयार है। सर्वेक्षणों के मुताबिक फरवरी में होने वाले चुनावों में बीएनपी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। वहीं दूसरे स्थान पर रहने वाली जमात के प्रमुख शफीकुर रहमान ने कई दलों से बात कर मिलीजुली सरकार का बयान दिया है। यह 17 करोड़ की आबादी वाले



मुस्लिम बहुल देश में राजनीतिक वापसी का प्रतीक है। जमात ने 2001 से 2006 के बीच बीएनपी के साथ गठबंधन सहयोगी के रूप में सत्ता संभाली थी। शफीकुर ने कहा, हम पांच वर्षों के लिए एक स्थिर राष्ट्र देखना चाहते हैं।

**इस्लामी शासन की पैरोकारी को छोड़ा :** जमात शरिया कानून के तहत इस्लामी शासन की वकालत करती है, लेकिन उसने अपने रूढ़िवादी आधार से परे हटकर यह पैरोकारी छोड़ दी है। पार्टी द्वारा अपनी अपील को व्यापक बनाने के तहत शफीकुर रहमान ने कहा, भ्रष्टाचार विरोधी अभियान किसी भी एकता सरकार का साझा एजेंडा होना चाहिए। वह बोले, पीएम उस पार्टी से होगा जिसे सर्वाधिक सीटें मिलेंगी। यदि जमात को सबसे अधिक सीटें मिलीं, तो पार्टी तय करेगी कि प्रधानमंत्री स्वयं उम्मीदवार होंगे या नहीं।

**2013 से जमात पर लगा प्रतिबंध :** अपदस्थ पीएम शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी अब चुनाव से प्रतिबंधित है। हसीना कार्यकाल में जमात पर 1971 के पाकिस्तानी स्वतंत्रता संघर्ष में युद्ध अपराधों के लिए कई नेताओं को मौत की सजा सुनाई गई। युद्ध का जमात ने विरोध किया था। 2013 से जमात पर चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया, लेकिन यूनुस सरकार ने अगस्त 2024 में पार्टी पर लगे सभी प्रतिबंध हटा दिए। रहमान ने कहा कि ढाका से भागने के बाद हसीना का भारत में रहना चिंता का विषय है, क्योंकि उनके पतन के बाद से दोनों देशों के संबंध दशकों में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। लेकिन शफीकुर रहमान ने कई अंतरविरोधों के बावजूद इस साल की शुरुआत में एक भारतीय राजनयिक से मुलाकात की। उन्होंने कहा, हमें सभी के प्रति और एक-दूसरे के प्रति खुला होना चाहिए।

## कनाडा में उड़ान भरने से पहले एअर इंडिया के पायलट ने पी शराब, हिरासत में लिया गया; दिल्ली आनी थी फ्लाइट

**वैंकूवर, एजेंसी।** कनाडा के वैंकूवर एयरपोर्ट पर एअर इंडिया के एक पायलट को नशे की हालत में हिरासत में लिया गया। 23 दिसंबर, 2025 को वैंकूवर-दिल्ली (वियना होते हुए) उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के एक पायलट को जश्न मनाना भारी पड़ गया। पायलट को मुंह से शराब की गंध आने के बाद हिरासत में लिया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वैंकूवर के एक ड्यूटी फ्री स्टोर की कर्मचारी ने पायलट को त्योहार के मौके पर दी जा रही शराब पीते हुए देखा। दावा किया गया है कि शराब की बोतल खरीदते समय पायलट के मुंह से शराब की गंध आई थी। कर्मचारी ने पायलट की सूचना कनाडाई




अधिकारियों को दी।


**वियना में फ्लाइट में सवार हुई नई पायलट की टीम :** कनाडाई अधिकारियों ने पायलट का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किया, जिसमें वे फेल हो गए। इसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया। एअर इंडिया ने तुरंत एक वैकल्पिक पायलट की व्यवस्था की। चार पायलटों या दो टीमों वाली ये उड़ान दो घंटे की देरी से रवाना हुई। विमान के वियना में उतरने के बाद यहां से चालक दल की एक अन्य टीम ने दिल्ली के लिए उड़ान भरी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि इस मामले में एअर इंडिया ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने बताया, 'पायलट को कुछ दिनों बाद दिल्ली लाया गया और उससे पूछताछ की जा रही है। इस मामले की जानकारी नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को दी गई है, जो इसकी जांच कर रहा है।' कुछ सूत्रों का कहना है कि पायलट ने हवाई अड्डे पर अनजाने में शराब पी ली थी और ड्यूटी फ्री शॉप के एक कर्मचारी ने उसे ऐसा करते हुए देखा था। वहीं अन्य का कहना है कि बोतल खरीदते समय उससे शराब की गंध आ रही थी। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि असल में क्या हुआ था। कर्मचारी ने मामले की सूचना कनाडाई अधिकारियों को दी, जिन्होंने सीसीटीवी फुटेज का इस्तेमाल करके पता लगाया कि संबंधित पायलट को उड़ान भरनी थी।

## जिनपिंग ने नए साल पर कहा- ताइवान पर कब्जा होकर रहेगा; ताइपे ने संप्रभुता की रक्षा का संकल्प दोहराया

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने नए साल की पूर्व संध्या पर देश को संबोधित किया। इस दौरान शी जिनपिंग ने ताइवान पर कब्जे का संकल्प दोहराया। साथ ही जिनपिंग ने तकनीक के मामले में आत्मनिर्भर बनने की बात कही, जिसमें एआई और सेमीकंडक्टर जैसी तकनीकों में विकास करने की बात भी कही।

नए साल के संबोधन में बोले जिनपिंग- ताइवान के लोगों के साथ हमारे खून के संबंध अपने संबोधन में शी जिनपिंग ने तकनीक के मामले में देश के विकास को सराहा, जिनमें खासकर सैन्य तकनीक और अंतरिक्ष के क्षेत्र में देश की उपलब्धियों की जमकर तारीफ की। शी ने पिछले पांच वर्षों में देश की आर्थिक तरक्की में योगदान देने के लिए चीनी लोगों को धन्यवाद दिया और कहा, 'हमने नवाचार के जरिए उच्च गुणवत्ता विकास को बढ़ावा देने की कोशिश की।'

शी जिनपिंग ने नए साल के संबोधन में ताइवान पर कब्जे की बात दोहराई। ताइवान एक स्व-शासित लोकतंत्र है, जिसे चीन अपना हिस्सा बताता है। शी जिनपिंग ने ताइवान पर कब्जे के बीजिंग के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा, 'ताइवान जलडमरूमध्य के दोनों किनारों पर हम चीनी खून और संबंधों का बंधन साझा करते हैं। हमारी मातृभूमि का एकीकरण रोका नहीं जा सकता और यह समय की मांग भी है।' गौरतलब है कि चीन ने इस हफ्ते ही ताइवान की सीमा के आसपास दो दिनों तक सैन्य अभ्यास किया और नौसैन्य जहाज भी भेजे। चीन का यह कदम ऐसे समय सामने आया, जब अमेरिका, ताइवान को बड़े पैमाने पर हथियारों



की बिक्री की योजना बना रहा है।

**ताइवान के राष्ट्रपति ने कही संप्रभुता की रक्षा की बात :** वहीं ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने गुरुवार को अपने नए साल के भाषण में चीन की विस्तारवादी महत्वाकांक्षाओं का विरोध किया और ताइवान की आत्मरक्षा को मजबूत करने का वादा किया। लाई ने अपने नए साल के संबोधन में कहा, 'चीन की बढ़ती विस्तारवादी महत्वाकांक्षाओं के सामने, अंतरराष्ट्रीय समुदाय यह देख रहा है कि क्या ताइवानी लोगों में खुद की रक्षा करने का संकल्प है।' उन्होंने आगे कहा, 'राष्ट्रपति के तौर पर, मेरा रुख हमेशा स्पष्ट रहा है कि राष्ट्रीय संप्रभुता की दृढ़ता से रक्षा करना, राष्ट्रीय रक्षा को मजबूत करना, और एक प्रभावी लोकतांत्रिक तंत्र का निर्माण करना चाहिए। ताइवान ने पिछले साल हथियारों की खरीद के लिए 40 अरब डॉलर का विशेष बजट घोषित किया था, जिसमें ताइवान डोम नामक वायु रक्षा प्रणाली का निर्माण भी शामिल है। यह बजट आठ वर्षों में, 2026 से 2033 तक आवंटित किया जाएगा। ताइवान के राष्ट्रपति ने चीन के आक्रमण की धमकियों के बीच अपने देश के सकल घरेलू उत्पाद का 5 प्रतिशत तक रक्षा खर्च बढ़ाने का वादा किया है। लाई ने कहा, 'चीन की गंभीर सैन्य महत्वाकांक्षाओं का सामना करते हुए, ताइवान के पास इंतजार करने का समय नहीं है।

## हत्या के आरोपी का दूसरा वीडियो- उस्मान हादी को 5 लाख टका दिए थे, मैं भारत नहीं भागा

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में कट्टर भारत-विरोधी नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के मामले में मुख्य संदिग्ध बताए जा रहे फैसल करीम मसूद ने 24 घंटे के भीतर दूसरा सेल्फ-रिकॉर्डेड वीडियो जारी कर अपनी बेगुनाही दोहराई है। वीडियो में मसूद ने दावा किया कि वह इस समय दुबई में है और हत्या से उसका कोई लेना-देना नहीं है।

यह वीडियो बांग्लादेशी पत्रकार सलाह उद्दीन शोएब चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर शेयर किया। इसमें फैसल करीम मसूद ने ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के उस आरोप को सिरे से खारिज किया, जिसमें कहा गया था कि हत्या के बाद वह हलुआघाट सीमा के रास्ते भारत फरार हो गया। मसूद ने कहा कि उसने कभी भारत में प्रवेश नहीं किया और पुलिस का दावा पूरी तरह गलत है।

मसूद के अनुसार, उसकी पहचान शरीफ उस्मान हादी से सरकारी और आईटी से जुड़े ठेके हासिल करने के सिलसिले में हुई थी। उसने दावा किया कि मुहम्मद यूनुस के सरकारी हलकों में पैरवी के लिए उसने हादी को पांच लाख टका दिए थे। मसूद का कहना है कि यह रकम केवल लॉबिंग के लिए दी गई थी, न कि किसी गैरकानूनी उद्देश्य से।

मसूद ने वीडियो में कहा- मैंने उनसे नौकरी और कॉन्ट्रैक्ट दिलाने में मदद के लिए बात की थी। उन्होंने भरोसा दिलाया और इसके बदले पांच लाख टका मांगे, जो मैंने दिए। उसने यह भी दावा किया कि बाद में दोनों के बीच राजनीतिक गतिविधियों से जुड़ा संपर्क बढ़ा और हादी ने उससे अंतरिम सरकार से जुड़े कार्यक्रमों के लिए स्वयंसेवक जुटाने में सहयोग मांगा। मसूद के मुताबिक, उनके बीच किसी तरह का विवाद नहीं था।

यह दूसरा वीडियो ऐसे समय सामने आया है जब इससे पहले जारी अपने पहले





संदेश में फैसल करीम मसूद ने आरोप लगाया था कि शरीफ उस्मान हादी की हत्या जमात शिबिर से जुड़े लोगों ने की और जमातियों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। उसने कहा- मैंने हादी की हत्या नहीं की है। मुझे और मेरे परिवार को झूठे मामले में फंसाया जा रहा है।

गौरतलब है कि शरीफ उस्मान हादी जुलाई 2024 के बांग्लादेश छात्र आंदोलन का एक प्रमुख चेहरा थे और छात्र संगठन इंकलाब मंच के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने फरवरी 12 को होने वाले आम चुनावों के लिए ढाका के बिजयनगर क्षेत्र से उम्मीदवार के तौर पर भी अपनी मुहिम शुरू की थी।

शरीफ उस्मान हादी पर ढाका में एक मस्जिद से निकलते समय नकाबपोश हमलावरों ने गोलीबारी की थी। गंभीर रूप से घायल हादी को इलाज के लिए सिंगापुर ले जाया गया, जहां 18 दिसंबर को उनकी मौत हो गई। उनकी हत्या के बाद बांग्लादेश में व्यापक हिंसा और अशांति फैल गई थी। कई इलाकों में विरोध-प्रदर्शन हुए, भारतीय उच्चायोग की इमारत पर हमला किया गया और देश के प्रमुख मीडिया संस्थानों प्रथम आलो और द डेली स्टार के दफ्तरों में आगजनी की घटनाएं सामने आईं। फिलहाल इस मामले की जांच जारी है और बांग्लादेशी सुरक्षा एजेंसियां फैसल करीम मसूद के दावों की जांच कर रही हैं।

# भारत का बंगलादेश दौरा रीशेड्यूल, बीसीबी ने नई तारीखों का किया ऐलान

**ढाका (एजेंसी)।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को घोषणा की कि वे अगस्त-सितंबर 2026 में तीन मैचों की वनडे सीरीज और उतने ही टी20 के लिए भारत की मेजबानी करेंगे। बीसीबी क्रिकेट ऑपरेशन के इंचार्ज शहरयार नफीस ने बताया, 'बांग्लादेश और भारत के बीच जो सीरीज पहले स्थगित कर दी गई थी, उसे रीशेड्यूल कर दिया गया है।' भारतीय टीम अब 28 अगस्त को आने वाली है जिसमें वनडे मैच 1, 3 और 6 सितंबर को खेले जाएंगे। टी20 मैच 9, 12 और 13 सितंबर को खेले जाएंगे जिसके बाद पड़ोसी देश वापस घर लौट जाएंगे।

बीसीबी ने शुक्रवार को 2026 सीजन के लिए बांग्लादेश के घरेलू अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम की घोषणा की, जिसमें कैलेंडर में तीनों फॉर्मेट में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, भारत, ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज शामिल हैं। बीसीबी ने एक बयान में कहा, 'पुष्टि किया गया कार्यक्रम बांग्लादेश में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से भरे सीजन को सुनिश्चित करता है, जिससे देश भर के समर्थकों को घर पर टॉप-लेवल क्रिकेट देखने का अवसर मिलेगा, जबकि मैच स्थलों का विवरण उचित समय पर घोषित किया जाएगा।' पाकिस्तान 9 मार्च को तीन वनडे दौरे के लिए बांग्लादेश पहुंचेगा, जो 12 से 16 मार्च के बीच खेला जाएगा।

अप्रैल-मई में न्यूजीलैंड का बांग्लादेश का व्हाइट-बॉल दौरा तीन वनडे के साथ 17 अप्रैल से शुरू होगा, और उतने ही टी20, जो 27 अप्रैल से शुरू होकर 2 मई को समाप्त होंगे। पाकिस्तान दो टेस्ट के लिए वापस आएगा जो आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप सीरीज़ का हिस्सा हैं। पहला रेड-बॉल मैच 8-12 मई तक और दूसरा 16-20 मई तक खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया का बांग्लादेश का व्हाइट-बॉल दौरा 5 जून को तीन वनडे के साथ शुरू होगा, जिसके बाद तीन मैचों की टी20 सीरीज 15-20 जून के बीच खेली जाएगी।

भारत की मेजबानी करने के बाद, बांग्लादेश वेस्ट इंडीज के खिलाफ़ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगा जो चैम्पियनशिप का भी हिस्सा है। टेस्ट से पहले 22-24 अक्टूबर तक तीन दिन का वार्म-अप मैच होगा। पहला टेस्ट 28 अक्टूबर से 1 नवंबर के बीच खेला जाएगा, जबकि दूसरा 5 से 9 नवंबर तक खेला जाएगा। श्रीलंका ए टीम भी मई 2026 में बांग्लादेश का दौरा करेगी, जिसमें मेजबान टीम के खिलाफ दो चार-दिवसीय मैच और तीन वनडे मैच खेले जाएंगे।



# ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वापसी करके नया रिकॉर्ड बनाएगी 7 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स



**मेलबर्न (एजेंसी)।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस विलियम्स 5 साल में पहली बार इस वर्ष ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेगी और इस तरह से इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएगी। उन्हें 18 जनवरी से शुरू होने वाले वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है।

टूर्नामेंट के आयोजकों ने शुक्रवार को घोषणा की कि 45 वर्षीय वीनस उस मेलबर्न पार्क में वापसी करने के लिए तैयार है जहां उन्होंने 28 साल पहले पहली बार हिस्सा लिया था। उन्होंने 1998 में दूसरे दौर में अपनी छोटी बहन सेरेना को हराया था, लेकिन क्वार्टर फाइनल में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी लिंडसे डेवनपोर्ट से हार गई थीं। वीनस ने नवंबर में घोषणा की थी कि वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन से 2 सप्ताह पहले न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खेलेंगी, जहां उन्हें वाइल्ड कार्ड मिला है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के आयोजकों के अनुसार वीनस ने होबार्ट में होने वाले एक अन्य टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए भी पंजीकरण कराया है। वीनस ने इससे पहले आखिरी बार 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा लिया था। वह यहां दो बार महिला एकल में उप-विजेता रह चुकी हैं। वह 2003 और 2017 में फाइनल में सेरेना से हार गई थीं। वीनस ने कहा, 'मैं ऑस्ट्रेलिया में खेलने को लेकर बहुत उत्सुक हूं। वहां मेरी कई अविश्वसनीय यादें जुड़ी हैं। मुझे बहुत खुशी है कि मैं फिर से उस जगह लौट रही हूं जिसका मेरे करियर में बहुत महत्व रहा है।' इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेकर वीनस इस टूर्नामेंट में खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएगी। वह जापान की किमिको दाते के रिकॉर्ड को तोड़ देंगी, जो 2015 में मेलबर्न पार्क में पहले दौर में हारने के समय 44 वर्ष की थीं।

# ऑफ स्पिन गेंदबाजी, विकेटकीपिंग और छठे नंबर पर बल्लेबाजी : बुमराह ने कॉलेज के दिनों को किया याद

**मुंबई (महाराष्ट्र) (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कॉलेज में खेले गए एक मैच को याद किया, जहां उन्होंने उस भूमिका से बिल्कुल अलग भूमिका निभाई जिसके लिए वह मशहूर हैं यानी स्विंगिंग तेज गेंदबाजी। बुमराह ने कहा कि उन्होंने 'ऑफ स्पिन गेंदबाजी की, विकेटकीपिंग की और छठे नंबर पर बल्लेबाजी भी की'।



इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) ट्रेनिंग सेशन के दौरान विकेटकीपिंग ग्लव्स पहने हुए बुमराह का वीडियो मुंबई इंडियंस (MI) फ्रेंचाइजी ने पोस्ट किया था। उस वीडियो में बुमराह अपने हाथों में विकेटकीपिंग ग्लव्स पहने हुए मस्ती करते दिख रहे हैं, जिनके हाथों में आमतौर पर एक चमकदार क्रिकेट गेंद होती है जो चौंकाने के लिए तैयार रहती है।

बुमराह ने कहा, 'कॉलेज के एक मैच में अपनी यूनिवर्सिटी के लिए, एक ऐसा मैच था जिसमें मैंने ऑफ स्पिन गेंदबाजी की, विकेटकीपिंग की और स्टंपिंग भी की और छठे नंबर पर बल्लेबाजी भी की। मैंने सब कुछ किया!' बुमराह ने 2025 में 21 मैचों में 21.77 की औसत और 3.44 की इकॉनमी रेट से 45 विकेट लिए जिसमें 25 पारियों में तीन बार 5 विकेट लेने का कमाल शामिल है, ये सभी टेस्ट मैचों में आए और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/27 रहा।

उन्होंने टीम इंडिया के साथ एशिया कप भी जीता और IPL 2025 में MI के साथ प्लेऑफ में पहुंचे, जहां उन्होंने 12 मैचों में 17.55 की औसत से 18 विकेट लिए। इसमें एक बार 5 विकेट भी शामिल था, जो प्रतियोगिता में सातवां सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड था। जैसे ही बुमराह अपना साल 2026 शुरू करेंगे, उनका लक्ष्य आठवें भारतीय गेंदबाज और चौथे भारतीय तेज गेंदबाज के रूप में 500 अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरे करना होगा। वह इस मुकाम से 14 विकेट दूर हैं। उन्होंने 224 मैचों में 20.60 की औसत से 486 विकेट लिए हैं जिसमें उनके नाम 18 बार 5 विकेट लेने का कीर्तिमान और 6/19 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

# बांग्लादेशी खिलाड़ी को शामिल नहीं करने को लेकर सरकार से कोई निर्देश नहीं मिला : बीसीसीआई

**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिज़ुर रहमान को कोलकाता नाइट रायडर्स (केकेआर) में शामिल किये जाने को लेकर हो रहे विरोध के बीच ही भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि उसे सरकार से बांग्लादेशी खिलाड़ी को शामिल नहीं करने को लेकर कोई निर्देश नहीं मिले हैं। बीबीसीसी के एक अधिकारी ने कहा कि इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं की जा सकती है। पिछले महीने हुई आईपीएल नीलामी में बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिज़ुर को केकेआर ने 9.20 रुपये में खरीदा था।उसके बाद से कई लोगों ने केकेआर के इस फैसले को गलत बताया है। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसक घटनाओं की खबरों के बाद कई लोगों का मानना है कि आईपीएल से बांग्लादेशी खिलाड़ियों को बाहर कर दिया जाना चाहिये।




आध्यात्मिक गुरु देवकीनंदन ठाकुर सहित कई अन्य ने मुस्तफिज़ुर को शामिल करने पर केकेआर के सह-मालिक शाहरुख खान की कड़ी आलोचना की है और कहा था कि वहां हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा को देखते हुए किसी बांग्लादेशी खिलाड़ी को शामिल कैसे किया जा सकता है। मुस्तफिज़ुर ने सला 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ आईपीएल में डेब्यू किया था। इस गेंदबाज ने अब तक 60 आईपीएल मैचों में 8.13 की इकॉनमी रेट से 65 विकेट लिए हैं। वह पिछले सत्र में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क के चोटिल होने पर उनकी जगह दिल्ली कैपिटल्स में वापस आ गये थे।

# सातवीं बार डकार रैली में भाग लेंगे भारतीय राइडर हरिथ नोआ

यानबू (सऊदी अरब) ।भारत के अग्रणी रैली रेड राइडर हरिथ नोआ शनिवार से यहां शुरू होने वाली विश्व की सबसे मुश्किल मोटरस्पोर्ट प्रतियोगिता डकार रैली में लगातार सातवीं बार हिस्सा लेंगे। केरल का यह 32 वर्षीय राइडर तीन से 17 जनवरी तक होने वाली डकार रैली में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। यह प्रतियोगिता छठी बार सऊदी अरब में आयोजित की जा रही है। डकार रैली में राइडर इस बार लगभग 8,000 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। इसमें लगभग 4,800 किलोमीटर में राइडर रेत के टीलों, पथरीले इलाकों और दुर्गम पठारों से होकर गुजरेंगे। इस दौरान केवल एक बार 10 जनवरी को राइडर को विश्राम करने का मौका मिलेगा। पांच बार के भारतीय राष्ट्रीय सुपरक्रॉस चैंपियन नोआ ने 2020 में डकार रैली में पदार्पण किया था। तब यह रैली पहली बार सऊदी अरब में आयोजित की गई थी।



# प्रशंसकों को पुरुष और महिला क्रिकेट टीमों से बेहतर प्रदर्शन की रहेगी उम्मीद

मुम्बई ।भारतीय पुरुष ओर महिला क्रिकेट टीमों को इस बार कई अहम मुकाबले खेलने हैं। ऐसे में प्रशंसकों को उम्मीद रहेगी की दोनो ही टीमें इनमें जीत दर्ज करेंगी। भारतीय क्रिकेट के लिए बीता साल टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छा नहीं रहा था। वहीं इस साल प्रशंसकों को टीम से इस लंबे प्रारुप में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें रहेंगी। इसके अलावा प्रशंसकों को उम्मीद रहेंगी कि भारतीय टीम अपनी ही धरती पर होने वाले टी20 विश्वकप में जीत दर्ज कर खिताब बरकरार रखे। टी20 विश्वकप 7 फरवरी से 8 मार्च तक भारत और श्रीलंका की में खेला जाएगा। पुरुष क्रिकेट में अब तक कोई भी टीम टी20 विश्वककप का खिताब बरकारार नहीं कर पाई है। अब देखना होग कि इस बार टीम इसे बरकरार रख पाती है या नहीं। वहीं भारतीय महिला क्रिकेट टीम की नजरें भी एकदिवसीय विश्वकप के बाद टी20 विश्वकप जीतने पर रहेंगी। 12 जून से 5 जुलाई तक इंग्लैंड की मेजबानी में होने वाला महिता टी20 विश्व कप 2026 जीतकर भारतीय टीम खेल में अपना दबदबा बनाना चाहेगी। वहीं भारतीय टीम अगस्त में श्रीलंका और नवंबर में न्यूजीलैंड में होने वाली टेस्ट सीरीज जीतना चाहेगी। भारतीय टीम अभी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) 2025–27 की अंकतालिका में छठे स्थान पर है। ऐसे में अगर उसे फाइनल की दौड़ में बने रहना है, तो इन दोनों टेस्ट सीरीज में बड़ी जीत हासिल करनी होग। इसके अलावा जापान में 19 सितंबर से 4 अक्तूबर तक आयोजित होने वाले एशियाई खेलों में भी भारतीय पुरुष और महिला टीम जीत हासिल करना चाहेंगी। भारत की पुरुष और महिला टीमों ने 2023 में यहां दोनो वर्गो में खिताब जीते थे।



# मारिन एक बार फिर भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच बने



नई दिल्ली ।हॉकी इंडिया ने नीदरलैंड के सोर्ड मारिन को दूसरी बार भारतीय महिला हॉकी टीम का मुख्य कोच बनाया है। मारिन के मार्गदर्शन में ही भारतीय महिला टीम टोक्यो ओलंपिक खेलों में चौथे स्थान पर रही थी। मारिन साल 2017 से 2021 तक भारतीय महिला टीम के कोच थे। वहीं अर्जेंटीना के विला मटियास विला को विश्लेषणात्मक कोच बनाया गया है। पूर्व मिडफील्ड विला ने साल 2000 में सिडनी ओलंपिक और 2004 में एथेंस ओलंपिक में भाग लिया था। वह करीब 20 साल से कोचिंग करते आ रहे हैं। इसके अलावा वेन लोम्बार्ड को खेल प्रदर्शन प्रमुख के रूप में रखा गया है जबकि वैज्ञानिक सलाहकार रोडेट इला और सियारा इला अपने पद पर बने रहेंगे। वहीं मारिन ने का कि उन्हें भारतीय टीम के साथ आने से खुशी हुई है। मैं साढ़े चार साल बाद नयी ऊर्जा और रवैये के साथ इस पद पर लौटा हूं ताकि टीम को आगे बढ़ाने में अहम र्ण योगदान दे सकूं और खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने में सहाता कर सकूं। गौरतलब है कि मारिन के पिछले कार्यकाल के दौरान भारतीय टीम विश्व रैंकिंग के शीर्ष 10 में पहुंची थी। अब मारिन की पहली परीक्षा आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद में होने वाले महिला विश्व कप क्वालीफायर टूर्नामेंट में होगी। वहीं हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, 'हम मारिन और पूरे सहायक स्टाफ का भारतीय हॉकी परिवार में स्वागत करते हैं। हमें उम्मीद है कि उनके मार्गदर्शन में टीम निरंतर सफलता हासिल करेगी।

# ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ख्वाजा ने खेल से संन्यास की घोषणा की

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने खेल से संन्यास की घोषणा कर दी है। ख्वाजा ने 15 साल के लंबे करियर के बाद खेल को अलविदा कहा है। ख्वाजा एशेज सीरीज में अंतिम बार सिडनी टेस्ट में उतरेंगे। ख्वाजा इस प्रकार साल 2026 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले पहले खिलाड़ी हैं। ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से साल 2011 में अपना डेब्यू किया था।इसके बाद से वह टीम के लिए तीनों प्रारुपों में खेले पर टेस्ट क्रिकेट में वह सबसे ज्यादा सफल रहे हैं। कई स्टार खिलाड़ियों वाली टीम में उन्होंने अपनी अलग ही जगह बनायी है।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से ख्वाजा ने अब तक कुल 87 टेस्ट, 40 एकदिवसीय और 9 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। टेस्ट क्रिकेट में ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से 43.39 के औसत से 6206 रन बनाए हैं। टेस्ट प्रारुप में उन्होंने 16 शतक और 28 अर्धशतक लगाए हैं। टेस्ट क्रिकेट में उनका सबसे अधिक स्कोर 232 रनों का रहा है। वहीं एकदिवसीय प्रारुप में उन्होंने 1554 रन बनाए। ख्वाजा ने अपने करियर में 2 शतक और 12 अर्धशतक लगाये हैं। वहीं टी20 में उनके 241 रन हैं। ख्वाजा ने घरेलू बिग बैश लीग में भी खेलते हुए 70 मैचों में 2132 रन बनाए। इसके अलावा आईपीएल, वैटालिटी ब्लास्ट, पाकिस्तान सुपर लीग और आईपीएल में भी उन्होंने खेला है।



# विदेश में कैंसर से जूझ रहे भारत के पूर्व कोच, इलाज के लिए बेटी ने लगाई मदद की गुहार



स्पोर्ट्स डेस्क ।माइकल नोब्स, जो ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हॉकी खिलाड़ी हैं, संन्यास के बाद भारतीय हॉकी टीम के कोच भी बने थे। वे पिछले करीब पांच सालों से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से लड़ रहे हैं। माइकल को फेफड़ों का कैंसर है, जो अब उनकी हड्डियों तक फैल चुका है। बीमारी के साथ–साथ उन्हें आर्थिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनका इलाज कराना मुश्किल हो गया है। क्राउडफंडिंग पोर्टल पर दी गई जानकारी के अनुसार, माइकल नोब्स के इलाज के लिए एमीवेंटामैब नाम की एक विशेष दवा की जरूरत है, जो काफी महंगी है। केवल छह महीने के इलाज में करीब 64 हजार ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का खर्च आता है। इसी कारण उनके परिवार को लोगों से आर्थिक मदद मांगनी पड़ी। माइकल की दो बेटियां हैं, कैटलिन नोब्स और जैमी नोब्स। कैटलिन खुद एक हॉकी खिलाड़ी हैं। दोनों बहनों ने 31 अगस्त 2025 को अपने पिता के इलाज के लिए एक क्राउडफंडिंग पोर्टल के जरिए मदद की अपील की। इस अभियान से करीब 75 हजार ऑस्ट्रेलियाई डॉलर जुटाए गए, लेकिन इसके बावजूद इलाज पूरी तरह सुचारु रूप से नहीं चल पा रहा है। कैटलिन नोब्स ने एक इंटरव्यू में बताया कि उनके पिता फिलहाल सिडनी में रहते हैं, जबकि वे खुद पर्थ में हैं। दोनों शहरों के बीच करीब पांच घंटे की फ्लाइट दूरी है, जिससे दूर रहकर मदद करना और भी मुश्किल हो जाता है। पिता की सेहत को लेकर बात करते हुए कैटलिन ने कहा कि इलाज चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन माइकल नोब्स में अब भी जीने की मजबूत इच्छाशक्ति है। उन्होंने बताया कि उनके पिता को उन्हें हॉकी खेलते देखना बहुत अच्छा लगता है और इससे उनके चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। कैटलिन ने कहा कि हॉकी से ज्यादा उनके बीच पिता–बेटी का रिश्ता अहम रहा है और चाहे वह अच्छा खेलें या बुरा, उनके पिता हमेशा उनके सबसे बड़े समर्थक रहे हैं।

# बिहार के प्रतिभाशाली बैडमिंटन खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा : साइना

**पटना (एजेंसी)।** अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल आजकल बिहार दौरे पर हैं। इस दौरान साइना ने कहा कि राज्य में काफी खेल प्रतिभाएं हैं पर उन्हें निखारने की जरुरत है। ओलंपिक पदक विजेता साइना ने कहा कि की बेहतर प्रशिक्षण से यहां से भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलेंगे। साइना ने कहा कि राज्य में जरुरी संसाधन मौजूद हैं और सही मार्गदर्शन से यहां के खिलाड़ी भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं। साइना ने यहां पाटलिपुत्र खेल परिसर में कहा कि बिहार के प्रतिभावान बैडमिंटन खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उन्होंने बिहार में खेलों के विकास, विशेषकर बैडमिंटन की संभावनाओं पर भी अपने बातें रखीं। साइना ने कहा कि बिहार खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के जरिए पहले ही वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। साइना ने कहा, 'मैंने अपनी पहली राष्ट्रीय चैंपियनशिप पटना में ही जीती थी इसलिए बिहार से मेरा गहरा भावनात्मक जुड़ाव है।' साइना ने कहा कि वह बिहार के खिलाड़ियों के विकास के लिए वह हर संभव सहयोग देने को तैयार हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार की सकारात्मक खेल नीति, खेल विभाग और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के कुशल मार्गदर्शन से आने वाले समय में राज्य से अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलेंगे।



# कार्लसन और गोर्याचकिना बने विश्व रैपिड चैंपियन, भारत के अर्जुन और हम्पी को कांस्य पदक

**दोहा, क़तर (एजेंसी)।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन ने शानदार वापसी करते हुए फीडे विश्व रैपिड चैंपियनशिप 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया। कार्लसन ने 13 में से 10.5 अंक हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों से पूरे एक अंक की बढ़त के साथ छठी बार यह प्रतिष्ठित खिताब जीता। इससे पहले वे 2014, 2015, 2019, 2022 और 2023 में भी विश्व रैपिड चैंपियन रह चुके हैं।

टूर्नामेंट के दूसरे दिन खराब शुरुआत के बाद कार्लसन ने अंतिम दिन जबरदस्त खेल दिखाया। उन्होंने लगातार तीन जीत दर्ज कीं और अंतिम राउंड में श्वेत मोहरों से अनीश गिरि के खिलाफ ड्रॉ खेलकर खिताब पक्का कर लिया।

खिताब जीतने के बाद कार्लसन ने कहा, 'यह बहुत बड़ा और मजबूत टूर्नामेंट था। मैं यहां हमेशा पहले स्थान के लिए खेलता हूं, जबकि कई खिलाड़ी अच्छे इनाम या पदक के बारे में सोचते हैं। यही मुझे मनोवैज्ञानिक बढ़त देता है।'

विश्व रैपिड में दूसरा स्थान चार खिलाड़ियों ने 9.5 अंकों के साथ साझा किया पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर रूस के आर्टेमिएव ब्लादिलसाव को रजत पदक मिला, जबकि भारत के अर्जुन एरिगैसी ने कांस्य पदक जीतकर आनंद के बाद विश्व रैपिड में पदक हासिल करने का कारनामा किया । हंस नीमन महज़ 0.5 बुख़होल्ज़ अंक से पदक से चूक गए।

### महिला वर्ग में गोर्याचकिना का पहला वर्ल्ड रैपिड खिताब

महिला वर्ल्ड रैपिड में रोमांच चरम पर रहा। अंतिम दौर से पहले चीन की ज़ु जिनर और मौजूदा चैंपियन कोनेरु हम्पी तीनों 8 अंकों के साथ शीर्ष पर थीं। अंतिम राउंड में झू और गोर्याचकिना ने ड्रॉ खेला, जबकि हम्पी कोनेरू जीत की स्थिति में होने के बावजूद समय की कमी में सविता श्री के खिलाफ चूक गईं और बाज़ी ड्रॉ रही।

नियमों के अनुसार टाईब्रेक के बाद शीर्ष दो खिलाड़ियों–गोर्याचकिना और झू–के बीच ब्लिट्ज़ प्लेऑफ खेला गया। गोर्याचकिना ने पहला ब्लिट्ज़ मुकाबला जीतकर और दूसरा ड्रॉ कर महिला वर्ल्ड रैपिड चैंपियन का खिताब हासिल किया। यह उनके करियर का पहला वर्ल्ड रैपिड खिताब है। झू जीनर को रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि हम्पी कोनेरू ने कांस्य पदक जीता।




# संतोष ट्राफी 21 जनवरी से होगी शुरु, 12 टीमों के बीच होगा मुकाबला

नई दिल्ली ।79वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप संतोष ट्राफी 2025–26 असम के ढकुआखाना और सिलापाथर देश भर की 12 फुटबॉल टीमों के बीच 21 जनवरी से 8 फरवरी तक खेली जाएगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने इस महीने शुरु होने वाली संतोष ट्राफी के फाइनल ड्रा की घोषणा की है। इस चैंपियनशिप में शामिल 12 टीमों को ए और बी ग्रुप में बांटा गया है। ए ग्रुप में असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तराखंड, नागालैंड और राजस्थान है। जबकि ग्रुप बी में केरल, सर्विसेज, पंजाब, ओडिशा, रेलवे और मेघालय है। टूर्नामेंट के सभी मुकाबले ढकुआखाना और सिलापाथर में खेले जाएंगे। इस चैपियनशिप की शुरुआत 1941 में हुई थी और पश्चिम बंगाल ने संतोष ट्रॉफी का रिकॉर्ड 32 बार खिताब जीता है।



# भारत में 2025 में वाहनों का पंजीकरण 2.8 करोड़ पार

**- मारुति सुज़ूकी ने 17.8 लाख वाहनों के साथ 2025 में अपना दबदबा कायम रखा**

**नई दिल्ली ।**

दो-पहिया ईवीएस में इस साल 12 लाख से अधिक पंजीकरण हुए, जो 2024 की तुलना में लगभग 12 फीसदी अधिक हैं और पूरे दोपहिया बाजार का 6.2 फीसदी बनाते हैं। चार ओईएम के लिए कुल पंजीकरण की संख्या लगभग 35 लाख वाहन बढ़ गई जो मजबूत त्योहारी सीजन और एसयूवी की निरंतर मांग के बल पर कैलेंडर वर्ष 2024 की तुलना में सालाना आधार पर लगभग 8.4 प्रतिशत अधिक है। उद्योग के सूत्रों द्वारा एकत्र वाहन डेटा (तेलंगाना को छोड़कर) से पता चलता है कि मारुति सुज़ूकी इंडिया ने 17.8 लाख वाहनों के साथ कैलेंडर वर्ष 2025 में अपना दबदबा कायम रखा। उसकी सालाना आधार पर 8.8 फीसदी वृद्धि रही। मासिक आधार पर मारुति की बिक्री फरवरी में और फिर जून-सितंबर के मॉनसून के महीनों में कम हो गई। लेकिन कंपनी ने अक्टूबर 2025 में तेजी से वापसी की और त्योहारी मांग व नए मॉडलों के बल पर 243,327 वाहनों की उच्चतम मासिक बिक्री दर्ज की। एमऐंडएम इस साल सबसे ज्यादा



बढ़त बनाने वाली कंपनी रही। उसकी बिक्री में साल-दर-साल 20 फीसदी से अधिक इजाफा हुआ और यह 588,994 वाहन तक पहुंच गई, जो उसकी प्रतिस्पर्धी दूसरी कंपनियों में सबसे अच्छी बढ़ोतरी है। टाटा मोटर्स ने 565,982 वाहनों की बिक्री दर्ज की, जो पिछले साल के मुकाबले 5.6 प्रतिशत ज्यादा है।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का तीसरा दौर जनवरी में शुरू




**- पायलट प्रोजेक्ट में बदलाव, युवाओं के लिए और आकर्षक अवसर**

**नई दिल्ली ।**

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) का तीसरा दौर जनवरी के मध्य से शुरू होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार इस चरण में कुछ बदलाव किए गए हैं, जिससे यह आवेदकों के लिए और अधिक आकर्षक होगा। विशेष रूप से सेवा क्षेत्रों में इंटर्नशिप की अवधि कम करने की योजना है। सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में शीर्ष 500 कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। इस योजना की शुरुआत पिछले साल 3 अक्टूबर को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हुई थी, जिसका वार्षिक लक्ष्य 1,25,000 इंटर्नशिप अवसर देना था। पहले दौर में 28,141 आवेदकों ने इंटर्नशिप स्वीकार की थी, जबकि दूसरे दौर में यह संख्या घटकर 24,638 रही। पहले दौर में 34 प्रतिशत ऑफर स्वीकार किए गए थे, जो दूसरे दौर में 29 प्रतिशत रह गए। हालांकि प्रतिशत में गिरावट आई, लेकिन कुल इंटर्नशिप अवसरों की संख्या में वृद्धि हुई। दूसरे दौर में जुबिलेंट फूडवर्क्स ने 13,658 अवसर दिए, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने 7,880 और एचडीएफसी बैंक ने 6,800 अवसर प्रदान किए। लगभग 70 नई कंपनियाँ इस चरण में शामिल हुईं।

सरकार ने इस योजना की घोषणा 2024-25 के पूर्ण बजट में की थी, और अब तीसरे चरण के माध्यम से युवाओं के लिए अधिक अवसर उपलब्ध कराने की तैयारी चल रही है।

## भारती ग्रुप का एमकैप बढ़ा, देश में तीसरा सबसे बड़ा कारोबारी समूह बना

**– एमकैप 10.7 लाख करोड़ से बढ़कर 14.7 लाख करोड़ रुपए पहुंचा**



**नई दिल्ली ।**

साल 2025 में भारती समूह ने अपने तीनों सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (एमकैप) में 37.3 फीसदी की बढ़त दर्ज की। कुल एमकैप 10.7 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 14.7 लाख करोड़ रुपये हो गया। इस प्रदर्शन के साथ भारती समूह अब टाटा और रिलायंस के बाद देश का तीसरा सबसे बड़ा परिवार-स्वामित्व वाला कारोबारी समूह बन गया। नों कंपनियों में सबसे बड़ा लाभ भारती एयरटेल से हुआ, जिसका एमकैप 40.1 फीसदी बढ़कर 12.67 लाख करोड़ रुपये हो गया। अनिल अग्रवाल के स्वामित्व वाला वेदांत समूह तीन कंपनियों के साथ 36.3 फीसदी की बढ़त के साथ 5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा। इसमें प्रमुख योगदान हिंदुस्तान जिंक का रहा, जिसका एमकैप 38 फीसदी बढ़कर 2.59 लाख करोड़ रुपये हुआ। मुकेश अंबानी की अगुआई वाला रिलायंस इंडस्ट्रीज समूह 24.7 फीसदी बढ़ा और कुल एमकैप 23.4 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा। इस वृद्धि का मुख्य स्रोत रिलायंस इंडस्ट्रीज का 29.1 फीसदी बढ़ा एमकैप रहा। बजाज समूह चौथे से पांचवें स्थान पर, आदित्य बिड़ला और महिंद्रा समूह में लगभग 17 फीसदी बढ़त, जेएसडब्ल्यू और अदाणी समूह में क्रमशः 8.3 और 8 फीसदी बढ़त, टाटा का एमकैप 10.9 फीसदी गिरकर 27.7 लाख करोड़ रुपये, टीसीएस और इंफोसिस में क्रमशः 21.8 और 16.1 फीसदी की गिरावट देखी गई।

## मुंबई-दिल्ली हवाई मार्ग पर एयर इंडिया ने इंडिगो को पीछे छोड़ा

**इंडिगो दूसरे स्थान पर, 38.8 फीसदी हिस्सेदारी और 2,71,052 सीटों के साथ**

**नई दिल्ली ।**

मुंबई-दिल्ली हवाई मार्ग अब दुनिया के शीर्ष 10 व्यस्ततम मार्गों में शामिल हो गया है। विमानन डेटा कंपनी ओएजी के अनुसार 2025 में इस मार्ग पर 76.4 लाख सीटें उपलब्ध थीं और औसतन रोजाना 107 उड़ानें संचालित हुईं। यह संख्या इसे वैश्विक रैंकिंग में 8वां स्थान देती है, जिससे चीन के प्रमुख मार्ग जैसे पेइचिंग-शांघाई हांग्जो भी पीछे रह गए। इस मार्ग पर प्रतिस्पर्धा बढ़ने के साथ ही एयर इंडिया समूह (एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस) ने इंडिगो को पीछे छोड़कर 48.8




फीसदी क्षमता पर कब्जा जमा लिया। इंडिगो अब दूसरे स्थान पर है, 38.8 फीसदी हिस्सेदारी और 2,71,052 सीटों के साथ। शेष हिस्सेदारी मुख्य रूप से आकाश एयर और स्पाइसजेट के पास है। एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानें पिछले साल 63 से बढ़कर 124 हो गईं। एयर इंडिया ने 46 उड़ानें संचालित कीं। अकासा एयर और स्पाइसजेट ने भी क्रमशः 33त्र और 23 फीसदी सीट क्षमता बढ़ाई। इसी कारण इस मार्ग पर प्रतिस्पर्धा और तेज हुई।

# नए साल के दूसरे दिन दिखा कीमती धातुओं में उतार-चढ़ाव

**दिल्ली में सोना 1.35 लाख के पार, चांदी का भाव 2,37,900 प्रति किलोग्राम**

**मुंबई ।** नए साल 2026 की शुरुआत के साथ ही सोने और चांदी की कीमतों में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। वर्ष 2025 में जहां सोने ने शानदार तेजी दिखाई, वहीं चांदी ने भी रिकॉर्ड तोड़ते हुए ऑल टाइम हाई का स्तर छू लिया था। हालांकि 2 जनवरी 2026 को चांदी की कीमतों में हल्की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि सोने के भाव में मामूली उछाल देखने को मिला है। राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को 24 कैरेट सोने का भाव 1,35,220 प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया है। वहीं 22 कैरेट सोना 1,23,960 और 18 कैरेट सोना 1,01,450 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ, जयपुर, मेरठ और लुधियाना जैसे कई बड़े शहरों में भी सोने के भाव लगभग समान बने हुए हैं। मुंबई, पुणे और कोलकाता में सोने की कीमतें थोड़ी कम देखने को मिली हैं। देश के प्रमुख शहरों में चांदी का भाव 2,37,900 प्रति किलोग्राम दर्ज किया गया है। दिल्ली, मुंबई, पटना, अहमदाबाद, पुणे, कोलकाता समेत सभी बड़े शहरों में चांदी एक समान दर पर बिक रही है। साल की शुरुआत में चांदी की कीमतों में यह गिरावट निवेशकों के लिए अहम संकेत मानी जा रही है। विशेषज्ञों के मुताबिक केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की आक्रामक खरीदारी, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में संभावित कटौती की उम्मीद, अमेरिकी टैरिफ को लेकर चिंताएं और वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव ने सोने-चांदी की कीमतों को मजबूती दी है।

## रुपए गिरावट पर बंद

**मुंबई ।**



भारतीय रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 23 पैसे टूटकर बंद हुआ। आज सुबह शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सीमित दायरे में कारोबार करता नजर आया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 6 पैसे की बढ़त के साथ 89.92 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले गुरुवार को रुपया 89.98 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, रुपये में सीमित उतार-चढ़ाव का मुख्य कारण भारतीय रिजर्व बैंक की वह रणनीति है, जिसके तहत वह 90 के स्तर को बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। इसके चलते बाजार में अत्यधिक कमजोरी या मजबूती देखने को नहीं मिल रही है। घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख से रुपये को समर्थन मिला, लेकिन विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार पूंजी निकासी ने इस असर को काफी हद तक कम कर दिया। वहीं, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति बताने वाला डॉलर सूचकांक 0.15 फीसदी की गिरावट के साथ 98.17 पर रहा।




## मारुति सुजुकी जल्द तय करेगी छोटी कारों की कीमतें

**मुंबई ।** मारुति सुजुकी इंडिया ने सितंबर में अपनी छोटी कारों की कीमतों में कटौती की थी। यह कदम उस समय आया जब सरकार ने छोटी कारों पर जीएसटी दरों में कमी की घोषणा की थी। कंपनी ने अपने स्तर पर भी कीमतें घटाकर ग्राहकों तक कारों की पहुंच बढ़ाने का प्रयास किया। उदाहरण के तौर पर, एस-प्रेसो मॉडल की कीमतों में 1,29,600 रुपये तक, ऑल्टो के 10 मॉडल में 1,07,600 रुपये तक, सेलेरियो मॉडल में 94,100 रुपये तक और वैगन-आर मॉडल में 79,600 रुपये तक कटौती की गई। मारुति सुजुकी के एक वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि छोटी कारों के लिए यह रणनीतिक मूल्य निर्धारण अधिक लोगों तक कारों की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कदम बिक्री बढ़ाने के साथ-साथ ग्राहकों को किफायती विकल्प देने के मकसद से उठाया गया था। पार्थो बनर्जी ने कहा कि कंपनी जल्द ही तय करेगी कि क्या कीमतों को केवल जीएसटी कटौती वाले स्तर पर वापस लाया जाए या रणनीतिक मूल्य निर्धारण जारी रखा जाए। उन्होंने यह भी बताया कि इस बीच बुकिंग कर चुके ग्राहकों को अगले 15-20 दिनों तक सेवा दी जाएगी।

## देवयानी और सफायर फूड्स का होगा विलय

**मुंबई ।** देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड (डीआईएल) और सफायर फूड्स इंडिया लिमिटेड (एसएफआईएल) ने अपने निदेशक मंडलों की बैठक में विलय की योजना को मंजूरी दी। इस विलय के बाद संयुक्त कारोबार लगभग 8,000 करोड़ रुपये होगा। एसएफआईएल के प्रत्येक 100 शेयर के बदले डीआईएल के 177 शेयर जारी किए जाएंगे। एसएफआईएल के संचालकों के पास मौजूद 25.35 फीसदी हिस्सेदारी में से 18.5 फीसदी डीआईएल की समूह कंपनी आर्कटिक इंटरनेशनल खरीदेगी। संयुक्त इकाई केएफसी,` पिज्जा हट, टेको बेल के साथ-साथ कोस्टा काफी, टी लाइव और सेनुक` किचन जैसे अन्य ग्लोबल क्यूएसआर ब्रांड का संचालन करेगी। यह भारत, नाइजीरिया, नेपाल, थाईलैंड और श्रीलंका में सक्रिय होगी। डरआईएल के चेयरमैन के अनुसार विलय से लागत बचत, आपूर्ति श्रृंखला और प्रौद्योगिकी में सुधार होगा। एसएफआईएल के एक अधकारी ने इसे भारत में केएफसी और पिज्जा हट का एकीकृत संचालन और दीर्घकालिक साझेदारी का प्रतीक बताया।

## असम में चाय बागान मजदूरों को मिलेगा जमीन का मालिकाना हक



**- जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू**

**गुवाहाटी ।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने घोषणा की है कि चाय उद्योग के 200 साल बाद अब मजदूरों को उनकी जमीन और घर का पूरा मालिकाना हक मिलेगा। उन्होंने कहा कि जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और मजदूरों को उनका हक मिलेगा। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि सरकार ने नवंबर विधानसभा शीतकालीन सत्र में असम फिक्सेशन ऑफ सीलिंग ऑफ लैंड होल्डिंग्स (संशोधन) कानून, 2025' बनाया था। यह कानून उन मजदूरों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए लाया गया है, जो पिछले 200 सालों से चाय बागानों में काम कर रहे हैं। शर्मा ने बागान मालिकों को चेताया कि अगर वे मजदूरों को हक देने से इनकार करेंगे तो सरकार उनकी मिलने वाली वित्तीय सहायता रद्द कर सकती है। उन्होंने बताया कि सरकार हर साल बागानों को करीब 150 करोड़ रुपये देती है। कांग्रेस के असम अध्यक्ष गौरव गोगोई ने इस कानून पर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनाव से केवल चार महीने पहले यह कानून लाना संदिग्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य लंबे समय से चले आ रहे अन्याय को सुधारना है और मजदूरों को उनका हक दिलाना है।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

**सेंसेक्स 573.41, निफ्टी 182 अंक उछला**

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी होने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 573.41 अंक करीब 0.67 ऊपर आकर 85,762.01 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 182 अंक बढ़कर 26,328.55 पर पहुंच गया। आज कारोबार के दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का मुख्य सूचकांक (निफ्टी) 26,340 के नये शीर्ष स्तर पर पहुंचा।

बाजार में तेजी सरकारी और एनर्जी शेयरों के कारण आई। निफ्टी पीएसई , निफ्टी एनर्जी, निफ्टी कमोडिटीज, निफ्टी रियल्टी , निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी मेटल फीसदी और निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स तेजी के साथ बंद हुए। मुख्य सूचकांकों में केवल निफ्टी एफएमसीजी ही गिरावट के साथ बंद हुआ। वहीं लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेजी देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 615.45 अंक की तेजी के साथ 61,365.90 और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 127.15 अंक की बढ़त के साथ 17,832.05 पर था।

बीएसई पर 2,772 शेयर लाभ के साथ ही ही ऊपर आये जबकि 1,449 शेयर टूटे हैं जबकि 150 शेयरों में कोई बदलाव नहीं दिखा। सेंसेक्स पैक में एनटीपीसी, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, एसबीआई, मारुति सुजुकी, बीईएल, आईसीआईसीआई बैंक, एचयूएल, एमएंडएम, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, टीसीएस, इन्फोसिस, सन फार्मा, एलएंडटी, अदाणी पोर्ट्स और टाटा स्टील के शेयर लाभ में रहे जबकि आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, इंडिगो और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर गिरे।

इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुले। शुरुआती कारोबार के बाद भी बाजार में खरीदारी का रुझान बना रहा। सुबह शुरुआत के बाद सेंसेक्स 336.25 अंक की बढ़त के साथ 85,524.85 पर कारोबार कर रहा था। वहीं एनएसई निफ्टी-50 ने 26,155 के स्तर पर मजबूत शुरुआत के बाद 104.50 अंक चढ़कर 26,251 पर पहुंच गया। वहीं एशियाई बाजारों में शुक्रवार को नए साल की शुरुआत मिले-जुले रुख के साथ हुई। लेकिन बाद में



बाजार तेजी में आ गए। दक्षिण कोरिया का कोस्पी नया रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह इंडेक्स 0.21 फीसदी चढ़ा और इस दौरान 4,239.88 का अब तक का सबसे ऊंचा स्तर छुआ। वहीं स्मॉल-कैप कोसडैक ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 1.32 फीसदी की बढ़त दर्ज की। जापान और चीन समेत कई एशियाई बाजार छुट्टियों के कारण बंद रहे। ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 इंडेक्स 0.11 फीसदी की बढ़त के साथ कारोबार करता दिखा। सिंगापुर ने उम्मीद से बेहतर आर्थिक वृद्धि दर्ज की। एशियाई कारोबार के शुरुआती घंटों में अमेरिकी शेयर फ्यूचर्स में हल्की तेजी देखी गई। वहीं वॉल स्ट्रीट पर अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 में 0.74 फीसदी, नैस्डैक कंपोजिट में 0.76 फीसदी और डाओ जोंस में 0.63 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई।

## भारत का विनिर्माण सेक्टर 2025 में स्थिर, लेकिन विकास की गति धीमी

**- नए निर्यात ऑर्डर पिछले 14 महीनों में सबसे कम बढ़े**

**मुंबई ।**

एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की अर्थशास्त्र कार्यकारी निदेशक ने कहा कि भारत का विनिर्माण उद्योग 2025 के अंत तक अच्छी स्थिति में रहा, हालांकि वृद्धि की गति धीमी रही। नए व्यवसायों में आई तेजी ने कंपनियों को वित्त वर्ष 2025-26 की अंतिम तिमाही में व्यस्त रहने की उम्मीद दी। मुद्रास्फीति पर दबाव कम होने से मांग बनी रही। एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई सर्वेक्षण के अनुसार, कई मापदंडों में वृद्धि की गति धीमी हुई। उत्पादन वृद्धि 38 महीनों के निचले स्तर पर पहुंच गई, जबकि नए ऑर्डर दो साल में सबसे कमजोर उछाल दर्ज कराए। कुल बिक्री में मंदी का एक कारण अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर में धीमी वृद्धि भी रही। नए निर्यात ऑर्डर पिछले 14 महीनों में सबसे कम बढ़े। हालांकि, एशिया, यूरोप और पश्चिम एशिया के ग्राहकों से बेहतर मांग देखने को मिली। कच्चे माल की लागत में ऐतिहासिक रूप से नगण्य वृद्धि रही, और 'मूल्य मुद्रास्फीति' नौ महीनों के निचले स्तर पर पहुंच गई। सर्वेक्षण में कहा गया कि वर्तमान अवधि में रोजगार सृजन की गति सबसे कम रही। इसके बावजूद भारतीय उत्पादक 2026 में उत्पादन में बढ़ोतरी की उम्मीद रखते हैं। हालांकि समग्र भावना लगभग ढाई साल में सबसे निचले स्तर पर है। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई, एसएंडपी ग्लोबल द्वारा करीब 400 कंपनियों के क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया गया है।

# केएफसी और पिज्जा हट के ऑपरेटर सफायर फूड्स का डीआईएल में बड़ा मर्जर

**- देवयानी इंटरनेशनल, सफायर फूड्स के हर 100 शेयर के बदले 177 शेयर जारी करेगी**

**मुंबई ।**

सफायर फूड्स इंडिया लिमिटेड, जो भारत में केएफसी और पिज्जा हट के ऑपरेशन्स चलाती है, अब देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड (डीआईएल) में मर्ज होने जा रही है। इसे पिज्जा-बर्गर सेगमेंट का अब तक का सबसे बड़ा मर्जर माना जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह कदम ऐसे समय में लिया गया है जब देश में फास्ट-फूड फ्रेंचाइजी को घटती बिक्री और मार्जिन के दबाव का सामना करना पड़ रहा है। प्रस्तावित डील के तहत देवयानी इंटरनेशनल, सफायर फूड्स के हर 100 शेयर के बदले 177 शेयर जारी करेगी। संयुक्त इकाई से अगले पूरे वर्ष से सालाना 210 करोड़ रुपए से 225 करोड़ रुपए तक का फायदा होने की उम्मीद है। इसके अलावा आर्कटिक इंटरनेशनल, मौजूदा प्रमोटरों से सफायर फूड्स की करीब 18.5 फीसदी पेड-अप इक्विटी खरीदने वाली है। इस मर्जर को प्रभावी होने के लिए कई नियामकीय मंजूरियां जरूरी हैं, जिनमें स्टॉक एक्सचेंज, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई), राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण के साथ-साथ दोनों कंपनियों के शेयरधारकों और लेनदारों की स्वीकृति शामिल है। पूरी प्रक्रिया में करीब 12 से 15 महीने का समय लग सकता है। देवयानी इंटरनेशनल और इसके पार्टनर कंपनियां भारत और विदेशों में





3,000 से अधिक आउटलेट चलाती हैं। मर्जर के बाद कंपनी भारत की सबसे बड़ी क्यूएसआर कंपनियों में शामिल हो जाएगी। इस कदम के बाद शेयर बाजार में भी तेजी आई, और देवयानी इंटरनेशनल के शेयर इंट्रा-डे में 8त्र तक बढ़कर 159.45 रुपए तक पहुंच गए।

## कोल इंडिया का दिसंबर में उत्पादन 4.6 प्रतिशत बढ़ा



**मुंबई ।** कोल इंडिया ने दिसंबर 2025 में 7.57 करोड़ टन कोयला उत्पादन किया, जो दिसंबर 2024 के 7.24 करोड़ टन से 4.6 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने कहा कि यह उत्पादन अपनी आठ अनुषंगी कंपनियों के सहयोग से हासिल किया गया। हालांकि, इस महीने में कोयले की आपूर्ति यानी उठाव 6.49 करोड़ टन रही, जो पिछले साल के इसी महीने के 6.85 करोड़ टन से 5.2 प्रतिशत कम है। इसका मतलब है कि उत्पादन बढ़ने के बावजूद आपूर्ति में कमी आई है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली नौ महीनों में कोल इंडिया का कुल उत्पादन 52.92 करोड़ टन रहा, जो पिछले साल की 54.34 करोड़ टन से 2.6 प्रतिशत कम है। इसी अवधि में कुल उठाव 54.47 करोड़ टन रहा, जो पिछले साल 55.7 करोड़ टन से 2.2 प्रतिशत घट गया।



## नए साल पर 'किंग' को लेकर शाहरुख खान देंगे बड़ा तोहफा!

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान अपनी आगामी फिल्म 'किंग' की तैयारियों में लगे हुए हैं। 'किंग' को साल 2026 में रिलीज होने वाली सबसे बड़ी फिल्मों में से एक माना जा रहा है। हालांकि, अभी तक फिल्म की रिलीज डेट सामने नहीं आई है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि फिल्म 2026 में रिलीज हो सकती है। इस बीच अब शाहरुख खान को रिकॉर्डिंग स्टूडियो जाते देखा गया। जिसके बाद फैंस में 'किंग' को लेकर एक बार फिर उत्साह बढ़ गया है। फैंस ऐसी उम्मीद जता रहे हैं कि नए साल पर 'किंग' को लेकर कोई सरप्राइज मिल सकता है। 'किंग' पर काम कर रहे शाहरुख वायरल हुई तस्वीरों और वीडियोज में शाहरुख को फिटेड सफेद टी-शर्ट और कार्गो पैंट पहने, सिर पर बीनी टोपी लगाए देखा गया। स्टूडियो में अंदर जाते समय उन्होंने सनग्लासेस पहने हुए थे। हालांकि, अभिनेता क्या रिकॉर्ड कर रहे थे, इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन उनके स्टूडियो में आने के समय को देखते हुए प्रशंसकों का मानना है कि वो अपनी आगामी फिल्म 'किंग' के पोस्ट-प्रोडक्शन क्लिप पर काम कर रहे होंगे। हालांकि, इस दौरान सुरक्षाकर्मियों ने शाहरुख को पैपराजी से बचान का प्रयास किया और उनके सामने छाता लगाया। लेकिन शाहरुख की झलक कैमरे में कैद हो गई। अब फैंस को उम्मीद है कि नए साल पर उन्हें शाहरुख की तरफ से 'किंग' से जुड़ा कोई सरप्राइज मिल सकता है।

### शाहरुख के बर्थडे पर सामने आया था फर्स्ट लुक

पिछले महीने शाहरुख खान के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने 'किंग' से शाहरुख के लुक की झलक दिखाई थी। इस फर्स्ट लुक में शाहरुख एक्शन अवतार में काफी डैशिंग लग रहे थे। इसके सामने आने के बाद फैंस फिल्म को लेकर और भी उत्साहित हैं। हालांकि, इसके बाद से किंग को लेकर मेकर्स की ओर से कोई अपडेट नहीं आया है। अब फैंस ऐसी उम्मीद लगा रहे हैं कि अगली बड़ी घोषणा नए साल के दिन हो सकती है।

### सिद्धार्थ ने भी दिया था हिंट

शाहरुख खान को स्टूडियो में देखे जाने से एक दिन पहले फिल्म के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने एक शेर के मोहरे की तस्वीर साझा की थी, जिसके सिर पर मुकुट था। अब शाहरुख को रिकॉर्डिंग स्टूडियो में देखकर फैंस ऐसी अटकलें लगा रहे हैं कि मेकर्स मोशन पोस्टर के साथ फिल्म की रिलीज डेट घोषित कर सकते हैं।



## अब मैं एक साथ 2 से 3 फिल्में नहीं करना चाहती

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट और रणबीर कपूर ने 14 अप्रैल 2022 को मुंबई में अपने घर वास्तु में एक अंतरंग समारोह में शादी की थी। इसके बाद 6 नवंबर 2022 को आलिया ने राहा को जन्म दिया। बेटी के जन्म के बाद से ही आलिया भट्ट ने अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर कुछ बदलाव किए हैं, जिनके बारे में आलिया ने खुलकर बात की।

### राहा के जन्म के बाद आलिया ने किए कई बदलाव

हाल ही में ईटाइम्स को दिए इंटरव्यू में आलिया भट्ट ने बताया कि 2022 में बेटी राहा के जन्म के बाद उन्होंने काम की रफ्तार धीमी कर दी, लेकिन फिल्मों से उनका प्यार वैसा ही है। आलिया ने कहा कि मां बनने से उनके काम करने का तरीका बदल गया है। उन्होंने बताया, अब मेरे काम की मात्रा और स्पीड अलग है क्योंकि मेरी एक बेटी है। लेकिन यह रफ्तार आरामदायक है और मैं इससे खुश हूं। मुझे एक समय में एक फिल्म करना और उसमें पूरी एनर्जी लगाना अच्छा लगता है। पहले मैं एक साथ दो-तीन फिल्में करती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं करना चाहती।

### अल्फा को लेकर आलिया की राय




मां बनने के बाद एक्शन फिल्म अल्फा की शूटिंग के बारे में आलिया ने कहा, बच्चे के जन्म के बाद एक्शन करना बहुत मजेदार था। इससे मुझे पता चला कि मेरा शरीर क्या कर सकता है। यह एक सीख देने वाला अनुभव था और इसने मुझे अपने शरीर का बहुत सम्मान करना सिखाया।

### आलिया का वर्कफ्रंट

आलिया के पास दो बड़ी फिल्में हैं। शिव रावैल की अल्फा में वे एक्शन से भरी भूमिका में नजर आएंगी। यह वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की फिल्म है, जिसमें शरवरी और बॉबी देओल भी हैं। फिल्म 2026 में रिलीज होगी। इसके अलावा, संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर में आलिया दिखेंगी। इसमें रणबीर कपूर और विक्की कौशल मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म भी 2026 में आएगी।

## हिंदी में इस वजह से बात नहीं करते मिराय स्टार तेजा सज्जा



फिल्म हनु मान और मिराय में बेहतरीन अदाकारी करने को लेकर साउथ के स्टार तेजा सज्जा सुर्खियों में हैं। यह माना जाता है कि साउथ के कलाकारों को हिंदी डायलॉग बोलते समय उनके एक्सेंट को लेकर ऑनलाइन मजाक उड़ाया जाता है। ऐसे में तेजा सज्जा ने हिंदी बोलने पर और बॉलीवुड में काम करने को लेकर अपने विचार रखे हैं। उन्होंने कहा मैं इंग्लिश में बात कर रहा हूं, क्योंकि मेरी हिंदी में हैदराबादी स्लैंग आ जाता है। अगर हिंदी बोलेंगे तो ट्रोलिंग का शिकार हो जाएंगे, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा नहीं मैं ट्रोलिंग को सीरियसली नहीं लेता। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। बातचीत के दौरान उन्होंने बॉलीवुड में काम करने के बारे में भी बात की। उन्होंने मजाकिया अंदाज में फिल्म निर्माता करण जौहर के लिए एक संदेश दिया। उन्होंने हंसते हुए कहा जब भी आप करण सर से मिलें, उनसे पूछिएगा कि वह तेजा को एक धर्मा प्रोडक्शन की लव स्टोरी में कब कास्ट कर रहे हैं। मैं भी वो अनुभव लेना चाहूंगा।



## मैं नहीं चाहती कि हॉलीवुड प्रोजेक्ट की वजह से करियर खतरे में पड़ जाए

अभिनेत्री त्रिधा चौधरी हाल ही में फिल्म 'किस किस को प्यार करूं-2' में नजर आई थीं। अभिनेत्री ने हाल ही में बातचीत की। इस दौरान उन्होंने अपनी जिंदगी और करियर के बारे में खुलकर बात की। अभिनेत्री ने बताया कि वह अलग-अलग फिल्म को बहुत सोच समझकर चुनती हैं। उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा कि हॉलीवुड से एक अच्छा ऑफर मिला था, लेकिन बोल्ड सीन्स करने से उन्हें बाकी जगह से ऑफर ठुकरा दिए जाते। अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे अच्छी तरह से पता था कि ऐसे सीन करने से मेरा भविष्य प्रभावित हो सकता है। खासकर बॉलीवुड और अन्य भारतीय इंडस्ट्री में मौके कम हो जाते हैं। अभिनेत्री ने समझाया कि बोल्ड सीन करने से उन्हें एक खास तरह की इमेज मिल जाती है। इससे कई अच्छे प्रोजेक्ट्स हाथ से निकल सकते थे। वे नहीं चाहती थीं कि एक प्रोजेक्ट की वजह से उनका लंबे समय का करियर खतरे में पड़ जाए। उन्होंने कहा, 'अगर मैं हॉलीवुड में एक ऐसा प्रोजेक्ट करती, जिसमें बोल्ड सीन्स होते, तो इससे मेरे कई अन्य प्रोजेक्ट्स रुक जाते हैं। मुझे यह पहले से पता था। यही वजह थी कि मैंने पहले से हॉलीवुड में कदम रख लिया है, तो अलग तरीके से आगे बढ़ सकती हूं, लेकिन सिर्फ एक प्रोजेक्ट के लिए बॉलीवुड या कहीं और का अपना लंबा सफर जोखिम में नहीं डालूंगी।' त्रिधा हाल ही में कपिल शर्मा की फिल्म किस किस को प्यार करूं-2 में नजर आई थी। फिल्म में कपिल और त्रिधा के अलावा, आयशा खान, पारुल गुलाटी और हीरा वरीना मुख्य भूमिका में नजर आए थे। अखिलेंद्र मिश्रा कपिल शर्मा के पिता के रोल में हैं। उन्होंने फिल्म के सबसे मजेदार पल दिए हैं। वहीं, फिल्म को वीनस वर्ल्डवाइड एंटरटेनमेंट और अब्बास-मस्तान ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। यह एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसमें हंसी, मस्ती, दोस्ती और खुशियों से भरे पल शामिल हैं।



## तारा सुतारिया के खिलाफ चलाया गया नेगेटिव कैंपेन? अभिनेत्री ने लगाया जबरदस्ती नाम जोड़ने का आरोप


बॉलीवुड और डिजिटल दुनिया में इन दिनों पेड पीआर और ऑनलाइन ट्रोलिंग को लेकर बहस तेज हो गई है। इस बहस के केंद्र में आ गई हैं अभिनेत्री तारा सुतारिया, जिन्होंने खुलकर आरोप लगाया है कि उनके खिलाफ एक सोची-समझी नेगेटिव पीआर मुहिम चलाई जा रही है। तारा का कहना है कि उनकी छवि और निजी रिश्तों को नुकसान पहुंचाने के लिए संगठित तरीके से कंटेंट तैयार करवाया गया और सोशल मीडिया पर फैलाया गया।

### सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ने किया दावा

पूरा मामला तब सामने आया जब एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ने दावा किया कि उसे तारा सुतारिया और मशहूर सिंगर एपी ढिल्लों के खिलाफ वीडियो बनाने के लिए पैसे ऑफर किए गए थे। इस वीडियो को तारा ने खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किया और साफ शब्दों में कहा कि यह सब एक पेड कैंपेन का हिस्सा है, जिसका मकसद उनके करियर और पर्सनल लाइफ को नुकसान पहुंचाना है।
तारा ने इशारों-इशारों में उन लोगों पर निशाना साधा, जो पर्दे के पीछे रहकर ऐसी साजिशें रचते हैं। उन्होंने कहा कि कंटेंट क्रिएटर्स और मीम पेजों को पहले से तय शब्द, कैप्शन और बातें भेजी गईं ताकि हर जगह एक जैसी नकारात्मक बातें फैलाई जा सकें। उनका यह भी कहना था कि यह कोई सामान्य आलोचना नहीं, बल्कि पूरी तरह प्लान की गई बदनाम करने की कोशिश है।

### बॉयफ्रेंड वीर पहाड़िया ने किया समर्थन

इस पूरे विवाद में तारा को वीर का साथ मिला है। उनके बॉयफ्रेंड वीर पहाड़िया ने सार्वजनिक तौर पर समर्थन जताते हुए कहा कि वह हर हाल में तारा के साथ खड़े हैं। वहीं, एपी ढिल्लों ने भी हल्के-फुल्के अंदाज में प्रतिक्रिया देकर यह संकेत दिया कि वह इन आरोपों को गंभीरता से नहीं ले रहे, लेकिन मामला जितना दिखता है, उससे कहीं ज्यादा गहरा है। जिस इंफ्लुएंसर ने यह खुलासा किया, उसका कहना है कि कई अकाउंट्स पर एक जैसे कमेंट्स और आरोप नजर आ रहे थे। इससे साफ होता है कि यह सब अचानक नहीं, बल्कि रणनीति के तहत किया गया। इंफ्लुएंसर ने दावा किया कि इस मुहिम को बाहर से देखने पर ऐसा दिखाया गया जैसे निशाना एपी ढिल्लों हों, लेकिन असल में सबसे ज्यादा नुकसान तारा सुतारिया को पहुंचाने की कोशिश की गई।





## अकेली हूं पर कोई बेचैनी नहीं

**चित्रांगदा सिंह ने साल 2005 में हजारों ख्वाहिशें ऐसी से फिल्मों में डेब्यू किया। अपने करियर की शुरुआत से ही जोधपुर में पैदा हुई इस हसीना ने इंडस्ट्री में अपने अभिनय का सिक्का जमाया। अर्थपूर्ण भूमिकाओं को तरजीह दी। ये साली जिंदगी, इनकार, साहब बीवी गैंगस्टर 3 जैसी फिल्मों में उनके काम की खूब सराहना हुई। लेकिन उनके करियर का सबसे मुश्किल दौर वो था, जब सात साल के अंतराल के बाद उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कमबैक किया। इस साल 2025 में वह बैक टू बैक खाकी - द बंगाल चैप्टर, हाउसफुल 5 और हालिया रिलीज रात अकेली है - द बंसल मर्डर्स से चर्चा में हैं। इसके अलावा चित्रांगदा नए साल में सलमान खान के साथ बैटल ऑफ गलवान में नजर आने वाली हैं।**

बतौर एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह 2026 को उम्मीदों से देख रही हैं। खास बातचीत में उन्होंने क्वालिटी ओवर क्वांटिटी, सोशल मीडिया वैलिडेशन, सिंगल पैरेंटिंग से लेकर इंडस्ट्री में महिलाओं के ऊपर रहने वाले दबाव पर भी खुलकर बात की है।

### आपका करियर कभी भी पारंपरिक नहीं रहा, तो क्या आपने जानबूझकर क्वालिटी ओवर क्वांटिटी चुना?

किसी भी कलाकार के जीवन में किस्मत का बहुत बड़ा हाथ होता है। उसे किस तरह के रोल मिलेंगे, वो उसके बस में नहीं होता। कई बार काम आपको चुनता है, आप उसे नहीं। मुझसे सुधीर (फिल्मकार सुधीर मिश्रा) हमेशा कहते हैं कि किसी भी किरदार के जो ग्रे एरिया हैं, उन्हें तुम बखूबी जस्टिफाई कर पाती हो। यही वजह है कि तुम चरित्र की कमियों को बहुत ही मजबूती से निभा पाती हो। मेरे कहने का मतलब ये है कि मेकर्स ने मुझमें वो बात देखी और मुझे उसी तरह के रोल दिए। कई बार मेरे पास ऐसा काम आया है, जो मुझे सूट नहीं हुआ और मैंने मना कर दिया, आपका अपना व्यक्तित्व भी होता है, जिसमें आप खुद को पूरी तरह से बदल कर कोई दूसरा नहीं बन सकते।

### फिल्म इंडस्ट्री में उम्र को लेकर महिलाओं पर ज्यादा दबाव क्यों रहता है?

वो कहावत है न कि महिलाएं अपनी ब्यूटी और पुरुष अपने स्कार्स के लिए जाने जाते हैं। फिर ये उम्र वाली समस्या आज की नहीं है, सदियों पुरानी है। मगर आज उसमें भी बदलाव आया है। आज आप एक यंग 18 साल की लड़की के रोल के लिए एक पर्टिकुलर ऐज ग्रुप वाली लड़की को ही चुन पाएंगे, मगर यदि आपको कोई मैच्योर कहानी लिखनी हो तो उसमें आपको मैच्योर एक्ट्रेस की जरूरत पड़ेगी। मगर अब वो बदलाव भी आ रहा है, क्योंकि अब दर्शक मैच्योर कहानियों और परफॉर्मेंस देखने के इच्छुक हैं, तो अब अभिनेत्रियों के लिए उम्र से परे सशक्त रोल लिखे जा रहे हैं, मगर उम्र का दबाव अभिनेत्रियों पर हमेशा से रहा है और ये हमारे समाज की ही देन है।

### आपने पर्दे पर हमेशा ही महिलाओं को मुखर करने वाले किरदार निभाए हैं, आपको अपने आस-पास महिलाओं से जुड़ी सबसे ज्यादा कौन-सी बात सताती है?

सच कहूं, तो मुझे लगता है कि आज महिलाओं को समानता के अधिकार मिल रहे हैं। जेंडर बायस भी लोग अब उतने नजर नहीं आते, तो आज हमें इस बदलाव की सराहना करनी चाहिए। इसकी आलोचना नहीं करनी चाहिए। इंडस्ट्री में ये बदलाव काफी बड़े पैमाने पर देखने को मिलता है, मगर हां कुछ एक बार मैंने ये देखा है कि लड़कियों को कोई काम इसलिए नहीं दिया जाता कि वो लड़कियां हैं। मुझे लगता है कि उसका एक कारण ये भी है कि औरतों को उस तरह की जिम्मेदारी दी ही नहीं गई है। उनको जितने मौके मिलेंगे, वो खुद को साबित करती जाएंगी। अब जैसे जब मैं प्रोड्यूसर बनी, तो लोगों का कहना था कि लो अब इनको प्रोड्यूसर बनना है। वे मुझे इस काबिल ही नहीं समझ रहे थे। मुझे बहुत बुरा लगा, मगर मैंने जब इस विषय पर सोचा तो मुझे लगा कि वाकई इंडस्ट्री में एक?ट्रेस से प्रोड्यूसर बनी महिलाएं गिनती की हैं, तो उनका सवाल भी जायज है कि ये निर्माण के क्षेत्र को संभाल पाएंगी या नहीं।

### सोशल मीडिया वैलिडेशन आपके लिए कितना मायने रखता है?

मैं सोशल मीडिया की बहुत ज्यादा दीवानी नहीं हूं। मगर इतना जरूर कहना चाहूंगी कि आज सोशल मीडिया की जरूरत तो है। मेरे लिए सोशल मीडिया वैलिडेशन जरूरी नहीं है। मैं उसे रेस्पॉन्स तक ही सीमित रखती हूं। मैं सोशल मीडिया की प्रतिक्रियाओं पर नजर रखती हूं, मगर मेरी जिंदगी सोशल मीडिया पर ही निर्भर नहीं है। अब तो वो उत्साह भी खत्म हो गया है, जो पहले हुआ करता था कि कुछ पोस्ट करना है। अब ये मेरे काम का हिस्सा बन चुका है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in